# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–231 । सागर, मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



अधेड़ की मौत पर कलेक्टरेट में हंगामा — पृष्ठ 3

- अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही?
- तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प — पृष्ठ 4

महेन्द्र सागर तालाब में 2 युवतियों के शव मिलने से फैली सनसनी — पृष्ठ 6

बृजेन्द्र प्रताप सिंह पर भाजपा ने फिर जताया भरोसा, पन्ना से दिया टिकट — पृष्ठ 7


5 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान, आचार संहिता लागू

# मप्र में 17 नवम्बर को होगा मतदान



**आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी देनी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था : राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार राज्यों में एक–एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे और चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तारीखों का एलान करते हुए सोमवार को कहा कि मिजोरम में सात नवंबर, छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर जबकि तेलंगाना में 30 को मतदान होगा। चुनाव तिथियों के ऐलान के साथ ही इन सभी राज्यों में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

उन्होंने कहा कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान डालेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 17 अक्टूबर को वोटिंग लिस्ट जारी होगी और 23 अक्टूबर तक मतदाता सूची में सुधार का मौका मिलेगा। श्री कुमार ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। आठ हजार 192 मतदान केंद्रों पर महिलाएं कमान संभालेंगी। सभी राज्यों के लिए मतगणना एक साथ 3 दिसम्बर को होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 5 नवम्बर तक पूरी हो जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार बुजुर्गों को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी। आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही कोई भी मतदान केंद्र दो किलोमीटर से अधिक की दूरी पर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी विज्ञापित करानी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होंगे। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर होगी। इसी प्रकार राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 नवंबर को होंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख छह नवंबर को, नामांकन पत्रों की जांच सात नवंबर को और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख नौ नवंबर को होगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

आचार संहिता का सख्ती से होगा पालन

## प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ से अधिक मतदाता चुनेंगे नई सरकार




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आज से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 17 नवम्बर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकारों से कहा है कि आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन सदन में आज से ही राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी द्वारा न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और समाचारों पर निगरानी रखने के लिए जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी।

### 21 से नामांकन, 2 को होगी नाम वापसी

निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी और 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। आवेदनों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी और 2 नवम्बर को नाम वापसी होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### 10 दिन पहले तक जुड़वा सकते हैं नाम

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन होने के बाद भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

भाजपा ने चौथी सूची में 57 उम्मीदवारों की घोषणा की

## शिवराज बुधनी से फिर लड़ेंगे चुनाव

### विधानसभा अध्यक्ष के अलावा 24 मंत्रियों को भी मिला टिकट





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर बुधनी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के अलावा 24 मंत्रियों को टिकट दिया है। इन मंत्रियों में डॉ. नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, डॉ. प्रभु राम चौधरी, अरविंद भदौरिया, विश्वास सारंग, गोविंद राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर शामिल हैं। इस सूची में ज्यादातर मंत्रियों के अलावा कुछ मौजूदा विधायक भी शामिल हैं।

पार्टी ने आज घोषित सूची में जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है उनमें– अटेर से अरविंद सिंह भदोरिया, ग्वालियर ग्रामीण से भारत सिंह कुशवाहा, ग्वालियर से प्रद्युमन सिंह तोमर, दतिया से नरोत्तम मिश्रा, खुरई से भूपेंद्र सिंह, सुर्खी से गोविंद सिंह राजपूत, रहली से गोपाल भार्गव, नरयावली से प्रदीप लारिया, सागर से शैलेंद्र जैन , खरगापुर से राहुल सिंह लोधी, मलहरा से प्रद्युमन सिंह लोधी, पन्ना से बृजेंद्र प्रताप को प्रत्याशी बनाया।

### 8 मंत्रियों के नाम अटके

इस सूची में 8 मंत्रियों के नाम शामिल नहीं हैं। इनमें– महेंद्र सिंह सिसोदिया, उषा ठाकुर, इंदर सिंह परमार, ओपीएस भदोरिया, सुरेश धाकड़, बृजेंद्र यादव, गौरीशंकर बिसेन, रामखेलावन पटेल शामिल हैं। कहा जा रहा है कि इन मंत्रियों के टिकट काटकर नए चेहरों को उतारा जा सकता है।

### सारंग, शर्मा, कृष्णा और खत्री को मौजूदा सीटों से ही मैदान में उतारा



भाजपा ने भोपाल जिले की चार और विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। मंत्री विश्वास सारंग को नरेला विधानसभा से टिकट दिया गया है। वहीं रामेश्वर शर्मा को हुजूर, कृष्णा गौर को गोविंदपुरा और विष्णु खत्री को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि दक्षिण पश्चिम सीट पर पार्टी अभी कोई फैसला नहीं कर पाई है। इस सीट से पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, सुरेन्द्रनाथ सिंह और राहुल कोठारी प्रमुख दावेदार हैं। 2 अन्य सीटों भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा, मध्य से ध्रुवनारायण सिंह को पार्टी पहले ही टिकट दे चुकी है।

## सार-समाचार

### भारत-तंजानिया बने रणनीतिक साझीदार, रक्षा सहयोग बढाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत एवं तंजानिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी में बदलने तथा रक्षा क्षेत्र एवं आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में परस्पर सहयोग को बढ़ाने की आज घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक में ये फैसले लिये। दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग के छह समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

### सिक्किम में बाढ़ में फंसे 80 लोगों को निकाला गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां एक बैठक में सिक्किम में बाढ की स्थिति की समीक्षा की। सिक्किम के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है और मौसम में सुधार के चलते फंसे हुए लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह 80 लोगों को निकाला गया है।

### बंगाल में डेंगू के मरीजों की संख्या 50 हजार के पार


**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में डेंगू चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक 56,707 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से रविवार शाम तक पिछले सात दिन में 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक मरने वालों की संख्या 60 है।

### नौवां भारत-अतंरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव 18 से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से राजधानी दिल्ली में आगामी 18–20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 'नौवां भारत–अतंरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अलग–अलग देशों के करीब 14 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे।

कार्य समिति की बैठक के बाद राहुल ने की घोषणा

## कांग्रेस शासित सभी राज्यों में होगी जातीय जनगणना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रमुखता से आगे बढ़ने का फैसला किया है। सोमवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जातीय जनगणना को लेकर सर्वसम्मति बनी। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि समिति ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने साफ किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि अब देश जातीय जनगणना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्किंग कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई।

### हम जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं

राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल इस पर सहमत होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम जो वादा करते हैं उसे निभाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम बीजेपी पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे। राहुल ने कहा कि अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है।

### जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि सबको न्याय मिले इसके लिए जातिगत जनगणना कराई जाएगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के पास डाटा है उसे जारी करना चाहिए।

### ओबीसी के लिए काम नहीं करते मोदी


कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।

गोल्डिन अर्थशास्त्र में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला

## क्लाउडिया गोल्डिन को मिला अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन ने महिलाओं के श्रम बाजार के बारे में लोगों की समझ को आगे बढ़ाने के लिए 2023 का नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार जीता है। 2009 में एलिनोर ओस्ट्रोम और 2019 में एस्थर डुफ्लो के बाद गोल्डिन इकोनोमिक साइंस में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला हैं। 1969 से 2022 तक इकोनोमिक साइंस में दिए गए 54 नोबेल पुरस्कारों में से 92 विजेताओं में से केवल 25 को व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान मिला है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस साल इकोनोमिक साइंस में पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ–साथ लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का पता चलता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष के नोबेल पुरस्कारों में से अंतिम है और इसमें विजेता को 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन (999,137 डॉलर) मिलता है।

## सार-समाचार

### मेहर माता के दर्शनों को पैदल यात्री रवाना



**रहली, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 14-15 पटना ककरी के युवा सोमवार सुबह 7 बजे रहली से मैहर तक पैदल यात्रा के लिए रवाना हुए, नगर में जगह जगह विदाई वा माता को भेट दी गई, स्टेंड पर नपाध्यक्ष देवराज सोनी, मंडल अध्यक्ष अमित नायक सहित पार्षदों द्वारा फूल माला पहनाकर विदाई दी। यात्रा प्रमुख देवकी नंदन सेन ने बताया की प्रति वर्ष रहली से मेहर माता मंदिर तक पैदल यात्रा करते है शुरुवात में हम चार लोगो ने यात्रा की थी और आज 53 लोग यात्रा पर निकल रहे है। मेहर तक 140 किलोमीटर का सफर करीब 5 दिनों में तय करते है और नवरात्रि की परमा को माता के दर्शन करते है। रास्ते में रात्रि विश्राम कर सुबह पुनः रवाना हो जाते है। यात्रा में माता रानी की ऐसी कृपा होती है की कही भी कोई कष्ट नहीं होता, व्यवस्थाएं बनती जाती है। यात्रा रवानगी पर बड़ी संख्या में नगर वासी पैदल यात्रियों को नगर की सीमा के बाहर तक भेजने को आए।

### रामेश्वर वार्ड में सड़क का भूमिपूजन



**रहली, देशबन्धु।** नगरीय क्षेत्र वार्ड क्र. 9 रामेश्वर वार्ड में सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी वार्ड पार्षद प्रीति राठौर द्वारा परिषद में इस मांग को रखा गया था, जिसे नपाध्यक्ष द्वारा मंजूर किया गया और रविवार की सुबह सड़क निर्माण के लिय भूमिपूजन किया गया। नपाध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया की वार्ड पार्षद प्रीति सुरेश राठौर द्वारा वार्ड की सबसे पुरानी सड़क जो फर्सी की बनी हुई थी निर्माण बात रखी थी, भूमि पूजन किया गया एवं तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निर्देश दिए है। गुणवत्ता युक्त एवं शीघ्र इस सड़क का निर्माण पूर्ण होगा। भूमिपूजन के दौरान पार्षद अमित नायक, सुरेश पटेल, जितेंद्र अहिरवार सहित परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के प्रभारियों की बैठक तहसील सभागार बीना में आयोजित हुई। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र राज्य में निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। अतः निर्वाचन संबंधी नियमों का पालन सभी के लिए आवश्यक है। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता एवं संपत्ति विरूपण नियमों का पालन सभी के द्वारा किया जाए। राजनीतिक सभाएं आदि के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. एमएल सोनी, केके जैन, मनीष गोस्वामी, दीपक गोस्वामी सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।

### मालथौन में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू

**मालथौन, देशबन्धु।** मप्र सहित पांच राज्यो में मतदान की तारीखें घोषित होते ही नगर प्रशासन हरकत में आ गया सड़को और कार्यालयों में लगी राजनैतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर हटाए जाने लगे। नगर पंचायत द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जैसे ही मतदान की तारीखों की घोषणा हुई। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर परिषद के अधिकारी द्वारा अचार संहिता के पालनार्थ में नगर में लगे राजनैतिक दलों की बैनर पोस्टर, प्रचार सामग्री हटाने और फोटो को ढकने की कार्यवाही शुरू कर दी। मप्र में 17 नवम्बर को मतदान और 3 दिसम्बर को चुनाव परिमाण आएंगे 21 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

# त्यौहार पूरे धार्मिक आस्था और सद्भाव के साथ मनाएं : अपर कलेक्टर

**जिला शांति समिति की बैठक संपन्न**



**सागर, देशबन्धु।** सभी आने वाले धार्मिक त्यौहार पूरे सद्भाव एवं आस्था के साथ मनाएं। यह अपील शांति समिति की बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सदस्यों से की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। सपना त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि आगामी सभी धार्मिक त्यौहार पूरी आस्था एवं सद्भाव के साथ मनाएं एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। सभी आयोजन समितियां अपने-अपने आयोजन में संलग्न व्यक्तियों एवं पदाधिकारी की सूचीबद्ध कर उनके मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को दें, जिससे कि सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराया जा सके। सदस्यों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें पानी, सड़क, बिजली, साफ सफाई सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई अव्यवस्था का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग करेगा। उन्होंने दुर्गा विसर्जन एवं चल समारोह के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि समस्त आयोजन समितियां जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए उनके निर्देशों का पालन करें एवं आयोजन को संपन्न कराएं। आयोजन समितियां एवं चल समारोह समितियां अपने-अपने पदाधिकारी एवं समझ में चलने वाले समिति सदस्यों की सूची मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को दें।

समस्त कार्यक्रम एवं चल समारोह की ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाएगी। समितियां चल समारोह में चलने वाले समिति सदस्यों के लिए अलग से गणवेश की व्यवस्था करें, जिससे उनकी पहचान की जा सके। चल समारोह में डीजे पर केवल धार्मिक गानों का प्रसारण करें। क्षमता से अधिक वाहनों में सवार होकर न चले और उनकी गति को नियंत्रित रखें।

## घोषित परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के विरुद्ध एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



**मालथौन, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के घोषित परीक्षा परिणाम के विरुद्ध अखिल विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने पुनः सुधार कर घोषित करने की मांग की हैं। अभावि परिषद इकाई मालथौन के कार्यकर्ताओं ने शासकीय महाविद्यालय में कुलसचिव महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर के नाम प्राचार्य योगेंद्र सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी होने के आरोप लगाए हैं। जिससे अनेक छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया हैं। विद्यार्थी परिषद ने मांग की है जल्द से जल्द छात्रों के परीक्षा परिणाम में सुधार करके पुनः परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। ज्ञापन देने वाले नगर मंत्री लाखन अहिरवार, नगर सह मंत्री कोमल राजा, सुमित रैकवार, अजब सिंह लोधी, शिवम बघेल, गजेंद्र बघेल, शीतल राजपूत, शिवानी राजपूत, आशिका बुंदेला महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## व्यक्तित्व एवं कृतित्व के रचनाधर्मी स्वरूप से सामाजिक परिवेश को सशक्त बनाना आसान: प्रो राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** समन्वय मण्डपम् और भारत पेट्रोलियम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने उद्बोधन देते हुए कहा कि अपने कदमों को इतना बुलंद करें कि हर कदम एक नयी राह बन जाये। अपने लक्ष्य को पाने के लिए एकाग्र चित्त होकर ईमानदार कोशिश करनी चाहिए। ज्ञान की पिपासा, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ सतत् आगे बढ़ने की ललक से सफलता हासिल कीजिये। व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरक बनाइये, इससे सामाजिक परिवेश भी सशक्त होता है। प्रो. राजपूत ने कहा कि शिक्षक और प्रशिक्षक समाज को सशक्त बनाने का काम करते हैं। शिक्षक और प्रशिक्षक स्वयं ज्ञान के उपासक होते हैं और अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से लोगों को प्रेरणा भी देते हैं। समय पर लक्ष्य को पहचान कर उसे हासिल करने के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। स्वयं को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ ईमानदार कोशिश करते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएल प्रजापति ने की और संचालन संयोजन सत्यजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में समन्वय मण्डपम् के लगभग 30 से अधिक स्वयंसेवकों एवं प्रशिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में धर्मेन्द्र, विकास, हर्ष, रिंकू, रानी, वन्या, शिवानी, साधना, झलक आदि प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासायें और विचार रखे। प्रो. राजपूत ने सभी की जिज्ञासाओं का समाधान किया और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए बधाईयां दी।

### खुरई में एक दिवसीय अपर कलेक्टर राजस्व न्यायालय की लिंक कोर्ट लगेगी

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने तहसील खुरई में एक दिवसीय न्यायालय अपर कलेक्टर सागर का लिंक कोर्ट लगाए जाने के आदेश जारी किए हैं। यहां जारी कलेक्टर सागर दीपक आर्य के आदेशानुसार अपर कलेक्टर सागर को राजस्व न्यायालयीन प्रदत्त किए गए कार्य क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग मालथौन, खुरई, बीना के प्रकरणों में पक्षकारों की सुविधा को देखते हुए, प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु कार्य सुविधा की दृष्टि से तहसील खुरई में आगामी आदेश तक एक दिवसीय न्यायालय अपर कलेक्टर सागर का लिंक कोर्ट लगाए जाने हेतु आदेशित किया है। लिंक कोर्ट का स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खुरई एवं दिन गुरुवार निर्धारित रहेगा।

### ट्रक के ब्रेक हुए फेल, बाइक्स को कुचला

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया स्थित खाद वितरण केंद्र पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार खाद वितरण केंद्र पर खाद लेकर पहुंचे एक ट्रक के अचानक ब्रेक फेल हो गए जिससे ट्रक वहां खड़े दोपहिया वाहनों को कुचल दिया। हादसे के वक्त मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय खाद वितरण केंद्र पर किसानों की भारी भीड़ मौजूद थी।

## पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग कर दी हिदायत, लोगों से की अपील



**बण्डा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार उइके के मार्गदर्शन पर बण्डा थाना प्रभारी नसीर फारूकी ने सागर बण्डा रोड पर फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर वाहनों की चेकिंग की। चैकिंग के दौरान वाहनों में लगे हूटर, लाल पीली बत्ती, सायरन, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, वाहनों के नंबर प्लेट कांच या अन्य स्थान पर पदनाम अथवा चुनाव चिन्ह अंकित करवाने वालों को हिदायत दी, साथ ही थाना प्रभारी नासिर फारूकी ने लोगों से अपील की कि वह निर्वाचन आयोग की आचार संहिता का पालन करें और इसका पालन करने के लिए जो दल कार्य कर रहा है उसका सहयोग करें। सभी संपत्ति विरूपण कार्य करने के लिए सहयोग प्रदान करें। उन्होंने समस्त जिलेवासियों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों पर वास्तविक वाहनों के अनुसार ही वाहन का संचालन करें। इसके अतिरिक्त यदि कोई चीज अतिरिक्त गाड़ी में लगी पाई जाती है तो तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एक दिन पहले लगाया नपाध्यक्ष पर मारपीट का आरोप

**दूसरे दिन घायल के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट, नपाध्यक्ष का नाम गायब**

**रहली, देशबन्धु।** पिछले दिनों वार्ड क्र. 13 निवासी युवक द्वारा सागर अस्पताल से एक वीडियो जारी किया था जिसमे नपाध्यक्ष देवराज सोनी सहित अन्य लोगो पर मारपीट का आरोप लगाए था, और जिसकी लिखित शिकायत भी सागर एसपी कार्यालय में की थी। सोमवार को उक्त युवक, भाई वा पिता द्वारा रहली पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया लेकिन उसमें नपाध्यक्ष का कही भी जिक्र नहीं किया गया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अनिल पिता उमेश यादव निवासी वार्ड नंबर 13 रहली ने थाने मे जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया की 6 अक्टूबर 23 के रात करीब 11.30 बजे की बात है। मै व मेरा छोटा भाई धर्मेन्द्र उर्फ विठ्ठल एवं मेरे पिता उमेश यादव बस स्टेण्ड से घर जा रहे थे कि जैसे ही हमलोग रामराजा होटल के सामने पहुंचे तो वहा पर खड़े विक्रम ठाकुर, छोटू पटेल, लक्ष्मण पटेल, योगेश तिवारी मिले जिनसे हम लोगो की पुरानी बुराई चल रही है। उसी बुराई को लेकर चारो लोग गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे भाई धर्मेन्द्र उर्फ विठ्ठल यादव ने गाली देने से मना किया तो चारो ने लाठी, राड़ से मारपीट शुरू कर दी, जिसमे भाई हरि विठ्ठल गंभीर घायल हो गया। हम लोगो ने बीच बचाव किया था चारों जाते समय बोल रहे थे आज तो बच गया अगली बार मिला तो जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद मेरे पिता भाई विठ्ठल को इलाज कराने सरकारी अस्पताल रहली ले गये थे जहां से डाक्टर साहब ने भाई विठ्ठल उर्फ धर्मेन्द्र को सागर रेफर कर दिया था जो विठ्ठल उर्फ धर्मेन्द्र मेडीकल अस्पताल सागर मे भर्ती है इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर चारो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 10 करोड़ से निर्मित सिविल अस्पताल का लोकार्पण



**सागर, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता लगने के पूर्व सुबह मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ में 10 करोड़ की राशि से निर्मित सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में यह सबसे बड़ी सिविल अस्पताल है। इस अस्पताल में दो ऑपरेशन थिएटर हैं और 24 घंटे डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा यहां 50 लाख की राशि से स्वीकृत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि पहले यहां स्वस्थ्य केंद्र था। मैने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करके राहतगढ़ में सिविल अस्पताल भवन स्वीकृत करा दिया। जरूरत होने पर सुविधाओं के लिए और पैसे दिए जाएंगे। अब हमारा जोर इस बात पर रहेगा की इस सिविल अस्पताल में अच्छे से अच्छे महिला व पुरुष डॉक्टर हों ताकि लोगों को अच्छा इलाज मिले। राहतगढ सहित पूरी विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और चल रहे हैं, लेकिन हमारा मन नही भरा है। यह तो विकास की शुरुआत मात्र है। आने वाले समय में विधानसभा में चौतरफा विकास के कार्य चौगुनी ताकत से कराएंगे। इस अवसर पर अमित राय, रामकुमार पप्पू तिवारी, विनोद ओसवाल, विनोद कपूर, रामकुमार यादव, अनिल पीपरा, अनुराग पाठक, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉ. ज्योति चौहान, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### निगमायुक्त ने विधानसभा निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त निगम अधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि जो कार्य पहले से चल रहे हैं उनको छोड़कर कोई नया कार्य स्वीकृत या प्रारंभ नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार अनाधिकृत रूप से सरकारी संपत्ति, सार्वजनिक संपत्ति या निजी संपत्ति पर लगाए गए बैनर, पोस्टर, कटआउट, झंडा, आदि को तत्काल हटवाया जाए साथ दीवारों पर अनाधिकृत रूप से की गई वॉल पेंटिंग को भी ठीक तरह से मिटवाया जाए। मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए की संबंधित वार्ड के इंजीनियर मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें और वहां कोई कमी हो तो उसका भी उल्लेख करते हुए तत्काल उसे ठीक करायें। बैठक में उन्होंने निगम कार्यालय में चुनाव से संबंधित कार्य हेतु पृथक से कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए।

### किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह माधवी बुधौलिया ने ग्राम मडियादो, हटा में विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया है। ग्राम मडियादो में बैरियल स्थित साहू किराना एवं मुख्य बाजार स्थित अग्रवाल किराना का फोस्कोरिस एप्प के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण करके तूफान ब्रांड रिफाइंड राइस ब्रान तेल एवं काला हीरा ब्रांड चायपत्ती के नमूने जांच हेतु लिए।

## आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन हुआ अलार्ट



**रहली, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है और जिसके बाद प्रशासन भी अलर्ट हो गया है, नगरीय वा ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया की आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही किसी भी शासकीय संपत्ति पर दीवार लेखन, होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पेंटिंग आदि हटाने की कार्रवाई 24 घंटे के भीतर, सार्वजनिक स्थलों पर उपरोक्त प्रकार की कार्रवाई 48 घंटे के भीतर और संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत किसी भी निजी संपत्ति पर ऐसी ही कार्रवाई 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से करने के आदेश जारी किए गए है। एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, तहसीलदार राजेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार अनिल अहिरवार, थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी, गड़ाकोटा रजनीकांत दुबे, जनपद सीईओ आरजी अहिरवार, नपा सीएमओ बालकिशुन पटेल, शाहपुर सीएमओ धनंजय गुमास्ता, शिवराम साहू सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा संपत्ति विरूपण कार्य किया जा रहा है।

### 10 अक्टूबर से भाजयुमो विभिन्न मंडलों में करेगा नव मतदाता सम्मेलन



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी मंडलों में नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन 10 अक्टूबर से किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न मंडलों में मंगलवार से नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नव मतदाताओं के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें दी जाएगी।

## आचार संहिता लागू होते ही हरकत में आया प्रशासन



**बांदरी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 की चुनाव आचार संहिता लगने के साथ ही प्रशासन ने राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाना शुरू कर दिया है। चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय प्रशासन एक्शन में आ गया है। जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा राजनीतिक दलों और प्रतिनिधियों के लगाए गए होर्डिंग्स बैनर और पोस्टर हटवाया गया है। विधानसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही आचार संहिता लागू होने की सुगबुगुहाट चल रही थी। इसलिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयार कर ली थी। जैसे ही सोमवार दोपहर करीब एक बजे आचार संहिता लागू हुई तो स्थानीय प्रशासन आचार संहिता का पालन कराने के लिए एक्शन में आ गया। जिसके बाद होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि हटा दिए गए। वहीं बांदरी में तहसीलदार महेंद्र चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न मार्गो पर लगाए गए बैनर, पोस्टर और होर्डिग्स को हटवाना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी सुमेर जगेत ने जानकारी दी की यदि राजनीतिक दल सार्वजनिक स्थानों पर या किसी की शासकीय संपत्ति पर बैनर पोस्टर चस्पा करते हैं तो यह आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर तहसीलदार महेंद्र चौहान, सीएमओ राजेश मेहतेले, थाना प्रभारी सुमेर जगेत सहित नगर का समस्त प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति के दायित्व को पूरी ईमानदारी के साथ करें : कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** एमसीएमसी मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के दायित्व को पूरी ईमानदारी के साथ करें। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एमसीएमसी टीम को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी सदस्य मौजूद थे। दीपक आर्य ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में राजनीतिक प्रचार के उद्देश्य से यथाप्रेक्षित प्रसारण प्रकाशन, पूर्व जिला स्तरीय एमसीएमसी को प्रमाणन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रिंट मीडिया में केवल मतदान के एक दिन पूर्व व मतदान दिवस पर इस हेतु आयोग ने फार्मेट निर्धारित किया है, जिसमें आवेदन कर सकेगें। मान्यता प्राप्त दल के अभ्यर्थी यथाप्रेक्षित प्रमाणन आवेदन प्रकाशन प्रसारण से तीन दिन पूर्व प्रस्तुत करेंगे तथा गैर मान्यता प्राप्त दल तथा अन्य अभ्यर्थी प्रसारण से 7 दिवस पूर्व आवेदन प्रस्तुत करेगें। आवेदन में विज्ञापन की विषय वस्तु हार्डकापी, सीडी में दो प्रतियों में प्रस्तुत की जायेगी। मय लिखित ट्रांसक्रिप्ट केद्ध उसी दिन या अगले दिन आवेदन पर एमसीएमसी समिति द्वारा निर्णय कर अभ्यर्थी को अवगत कराया जायेगा। प्रिन्ट सामग्री में जैसे स्थानीय समाचार पत्र एवं अन्य समाचार पत्र, पत्रिका तथा पेम्पलेट व पोस्टर सम्मिलित है। इसी प्रकार इलेक्ट्रानिक मीडिया में रेडियो एफएम टीवी चैनल, केबल नेटवर्क एवं एमएमएस एसएमएस सम्मिलित है।

सोशल मीडिया में जैसे विकिपीडिया, टिवटर, यूट्यूब, फेसबुक अन्य वर्चुअल एप सम्मिलित है। सोशल मीडिया पर विज्ञापनों पर पारदर्शिता के उद्देश्य से गूगल, फेसबुक और ट्विटर ने अपने प्लेटफार्मों पर एड ट्रान्स्पेरेंसी रिपोर्ट्स करके राजनीतिक प्रचार हेतु किये गए भुगतानों को दर्शाया गया है। इसमें विज्ञापन निर्माण, वेब साइटों को किए गए भुगतान सोशल मीडिया एकाउन्ट को बनाए रखने के लिए नियोजित कामगारों के भुगतान आदि को सम्मिलित किया गया है।

## सार समाचार

### राजनगर एसडीएम बने प्रखर सिंह, विशा माधवानी नौगांव एसडीएम बनीं

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. द्वारा अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्यविभाजन एवं पदस्थापना की गई है। कलेक्टर श्री जी.आर. के आदेशानुसार प्रखर सिंह (आईएएस) को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनगर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर सुश्री विशा माधवानी को नौगांव एसडीएम, बलबीर रमण एसडीएम छतरपुर, राकेश शुक्ला एसडीएम लवकुशनगर, देवेन्द्र चौधरी एसडीएम गौरीहार, विजय कुमार द्विवेदी एसडीएम बिजावर, प्रशांत अग्रवाल एसडीएम बड़ामलहरा, गोपाल शरण पटेल प्रभारी अधिकारी नजूल शाखा, रामनिवास चौधरी प्रभारी अधिकारी को राजस्व संबंधी शाखाएं सौंपी गई है। जिन आधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिए गए हैं।

### बालमुकुंद बने सासंद प्रतिनिधि



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद व खाद्य प्रसंस्करण उद्धोग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बालमकुंद लोधी निवासी ग्राम सलैया को नगर परिषद बड़ामलहरा का सांसद प्रतिनिधि अधिकृत किया है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग को पत्र जारी कर दिया है। बालमकुंद लोधी दमोह सांसद प्रहलाद सिंह पटेल के करीबी माने जाते हैं। पन्नालाल घुवारा, गजाधर रामटोरिया, द्वारका असाटी भगवां, मंडल अध्यक्ष रवि राजा भगवां समेत पार्टी के अन्य लोगों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जाहिर की है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के भानजे ने छोड़ी पार्टी

छतरपुर, देशबन्धु। चुनाव नजदीक आते ही राजनीति में उबाल आ गया है। जिनकी महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हो प् रही वे पार्टी से किनारा कर दूसरी पार्टी का दामन धाम रहे है। आज भाजपा के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह के भानजे गोविन्द सिंह ने भाजपाकी प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है।



उन्होंने लिखे अपने त्यागपत्र में कहा कि भाजपा ने किसान की समस्या का समाधान नहीं किया। प्रदेशाध्यक्ष के सरंक्षण में विकास न कर आमजन को परेशांन किया गया जिससे लोग कराह उठे है। ऐसे हालत में प्रति का साथ दे पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा है कि किसी पार्टी विशेष के लिए काम नहीं करेंगे लेकिन क्षेत्रीय जनप्रिय नेता घासीराम के साथ कदम से कदम मिला कर चलेंगे, ज्ञात हो कि वे भाजपा के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके है।

### फायनेंस कंपनी पर प्रतड़ना का आरोप

# अधेड़ की मौत पर कलेक्ट्रेट में हंगामा



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के बाहर शहर के एक जैन परिवार ने हंगामा खड़ा कर दिया। दरअसल परिवार के अधेड़ व्यक्ति की बीती रात हृदयगति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गई थी जिसके बाद परिजन उसका शव लेकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर पहुंच गए। उनका कहना था कि फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों की प्रताडऩा के चलते परिवार के सदस्य की मौत हुई है।

शहर के पठापुर रोड पर रहने वाले प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि उसने इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड छतरपुर से 10 लाख रुपए का ऋण लिया था, जिसमें 9 लाख रुपए वह अदा कर चुका है। चूंकि पिछले माह उसके पुत्र की मृत्यु हो गई थी जिस कारण से शेष राशि नहीं दे सका और इसी के चलते इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के कर्मचारी परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। पिछले दिनों नोटिस दिए जाने के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने 6 अक्टूबर को पूरे परिवार के साथ बदसलूकी कर घर को सील कर दिया। इतना ही नहीं परिवार के लोगों को घर से जरूरी सामान जैसे दवाएं, कपड़े, पैसे तक नहीं निकालने दिए गए।

प्रमोद के मुताबिक उसके बड़े भाई चंद्रभान जैन गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और घर से निकाले जाने का सदमे में उनकी तबियत और अधिक बिगड़ जाने से उनकी मौत हो गई।

प्रमोद ने आवेदन देकर संबंधित बैंक के कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पुलिस अधीक्षक से हुई शिकायत

# महिलाओ की गाढ़ी कमाई का रुपया समेट भागी समिति



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बिजावर क्षेत्र के ग्राम भरगुवां की करीब एक दर्जन महिलाओं ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक सहकारी समिति के कर्मचारियों पर ठगी के आरोप लगाए हैं। महिलाओं के मुताबिक समिति के कर्मचारियों ने काफी समय तक उनसे पैसे जमा कराए लेकिन अब न तो राशि जमा की जा रही है और न ही जमा राशि वापिस की जा रही है। आवेदन देकर महिलाओं ने पैसे वापिस दिलाने और ठगी करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

भरगुवां निवासी लाडकुंवर प्रजापति, गुलाबबाई राय आदि ने बताया कि बिजावर निवासी एक महिला के कहने पर उन्होंने छतरपुर के देरी रोड पर स्थित बुन्देलखंड महिला साख सहकारी समिति मर्यादित में पैसे जमा किए थे। महिलाओं ने बताया कि हर महीने वे अपनी मेहनत की कमाई बिजावर निवासी महिला के माध्यम से समिति में जमा करती रहीं।

समिति द्वारा उन्हें पासबुक भी दी गई थी जिस पर पैसे जमा करने की एंट्री तक की गई लेकिन अब न तो समिति पैसे जमा कर रही है और न ही उनकी जमा राशि वापिस कर रही है। महिलाओं ने यह भी बताया कि बिजावर निवासी जिस महिला के कहने पर वे पैसे जमा कर रही थीं उसका कहना है कि समिति की प्रमुख रमा दुबे उनके पैसे लेकर फरार हो गई हैं। महिलाओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# बसपा ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**खजुराहो, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर राजनगर बसपा पार्टी द्वारा गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इस बाबत राजनगर में पटेल परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंडी अध्यक्ष राजनगर डॉ.घाशीराम पटेल की कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा विधानसभा अध्यक्ष-नीरज अहिरवार द्वारा की गई।

इस मौके पर डॉ.घाशीराम पटेल ने बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम को दलितों का मशीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का जो नारा दिया उससे देश एक सूत्र में बंधकर आगे बढ़ रहा है,उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज अहिरवार ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें अपना अधिकार लेने के लिए एकजुट होकर आगे आना पड़ेगा, हमें मान्यवर कांशीराम साहब के बताए रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना है, इस मौके पर बसपा संगठन के विधानसभा प्रभारी-प्रमोद अहिरवार, डॉ. शोभाराम अहिरवार, विजयराज अहिरवार, सुनील वर्मा, नरेन्द्र पटेल, राजू पटेल, मूलचंद रैकवार, आशाराम अहिरवार, शिवाजी, राधाचरण, गिरजा प्रसाद पाल, सावंत सिंह यादव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे, इस अवसर पर बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता तथा समर्थक शामिल रहे।

# अल्ट्रासाउंड कराने के नाम पर दलाली करने वाला पकड़ाया



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज कराने आए एक व्यक्ति ने दलाली कर रहे युवक को पकड़ लिया और पुलिस बुला ली। काफी हंगामे के बाद आखिरकार पुलिस ने दलाल युवक से मरीज के पैसे वापिस कराए, तब जाकर मामला शांत हुआ। बताया गया है कि यह दलाल युवक पिछले तीन-चार दिनों से अस्पताल आ रहा था। संभावना है कि युवक की अस्पताल के स्टाफ से सांठ-गांठ है जिसके चलते वह मरीजों से दलाली कर रहा था। हालांकि यह जांच का विषय है और अस्पताल प्रबंधन इस मामले की बारीकी से जांच कर रहा है।

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम महाराजगंज निवासी रामसेवक रजक ने बताया कि उसकी तबियत खराब थी और वह अपने भाई के साथ इलाज कराने जिला अस्पताल आया था।

चिकित्सकों ने उसे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बोला था, जिसके लिए वह और उसका भाई परेशान हो रहे थे। इसी बीच एक युवक ने रामसेवक से कहा कि अगर वह 500 रुपए देगा तो उनका अल्ट्रासाउंड हो जाएगा। बातों में उलझाकर उक्त युवक ने रामसेवक से 500 रुपए ले लिए लेकिन उसके बाद भी काफी समय तक जब उसका अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ तो रामसेवक ने उक्त युवक को पकड़ लिया और हंगामा शुरू कर दिया। इतना ही नहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी गई जिस पर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। करीब आधे घंटे तक अस्पताल के अंदर और बाहर हंगामा चलता रहा।

अंत में पुलिस ने युवक से रामसेवक के 500 रुपए वापिस कराए। चूंकि पकड़े गए युवक के साथ उसकी गर्भवती पत्नी थी इसलिए पुलिस ने उसे पत्नी को घर छोडऩे के बाद कोतवाली आने के लिए कहा। पकड़े गए युवक का नाम राहुल अनुरागी बताया गया है, जो कि छतरपुर का ही रहने वाला है।

### प्रद्युम्न सिंह पर भाजपा ने फिर जताया विश्वास

**छतरपुर, देशबन्धु।** देश के पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के कुछ ही घंटों बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश की 57 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। इस सूची में जिले की बड़ामलहरा विधानसभा के लिए भाजपा ने यहां के वर्तमान विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी पर विश्वास जताया है। इससे पहले भाजपा जिले के छतरपुर विधानसभा से ललिता यादव, महाराजपुर विधानसभा से कामाख्या प्रताप सिंह और राजनगर विधानसभा से अरविंद पटैरिया को मैदान में उतार चुकी है।



बड़ामलहरा सीट पर नाम फाइनल होने के बाद अब जिले की आरक्षित सीट चंदला और बिजावर विधानसभा सीट पर नामों की घोषणा शेष रह गई है। उल्लेखनीय है कि प्रद्युम्न सिंह लोधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस की टिकिट पर बड़ामलहरा से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

इसके 18 महीने पर जब सरकार में उठा-पटक हुई तो वे कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो गए थे और इसी सीट पर उन्होंने भाजपा की टिकिट पर उपचुनाव लडक़र जीता था। अब एक बार फिर इस सीट के लिए भाजपा ने उनके नाम पर मुहर लगाई है।

# जन्म शताब्दी पर आयोजित हुआ परसाई स्मरण कार्यक्रम



**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई छतरपुर और इप्टा के संयुक्त तत्वावधान में हरिशंकर परसाई जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर परसाई स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दलाल सिंह, दमोह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चंद्रकांत राय, जबलपुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई, छतरपुर की अध्यक्ष प्रो अमिता अरजरिया, सचिव श्री रविशंकर पाठक, प्रो बहादुर सिंह परमार तथा इप्टा से श्री शिवेंद्र शुक्ला एवं श्री नीरज खरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ आमंत्रित अतिथियों के पुष्प मालाओं तथा शब्द सुमनों से स्वागत के साथ हुआ। हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरजरिया ने स्वागत भाषण दिया। श्री स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव के बुंदेली नाटक संग्रह रैंन की पुतरिया का विमोचन हुआ। श्री नंदकिशोर पटेल ने इस नाटक संग्रह की समीक्षा प्रस्तुत की। इप्टा के बाल कलाकारों ने सुमधुर आवाज में हरिओम राजोरिया के दो जनगीत गाकर खूब तालियां बटोरी।

श्री राजेन्द्र चंद्रकांत राय की पुस्तक काल के कपाल पर हस्ताक्षर की समीक्षा प्रो बहादुर सिंह परमार ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि काल के कपाल पर हस्ताक्षर के लेखक राजेन्द्र चंद्रकांत राय आज उपस्थित हैं, यह हमारे लिए गौरव कु बात है। जिन्होंने इस पुस्तक में हरिशंकर परसाई की जीवनी को औपन्यासिक स्वरुप में बड़ी ही प्रभावक शैली में लिखा है। उनके तमाम जीवन संघर्षों और उस दौर की तमाम सच्चाइयों को बड़े ही खूबसूरत अंदाज में लिखकर उपन्यास को बहुत पठनीय बना दिया है।


मुख्य अतिथि राजेन्द्र चन्द्रकांत राय ने कहा कि छतरपुर में परसाई के पढ़ने व चाहने वाले हैं इतनी लोकप्रियता परसाई को जानने और समझने मैंने कहीं नहीं देखी। यह पुस्तक लेखक की सफलता थी या हरिशंकर परसाई की। इसका उत्तर यहां देखने मिला। जहां परसाई के जीवनी लेखक को लोगों ने हाथों हाथ लिया।

इस दौरान श्री राय ने परसाई के मार्गदर्शन में हुए छात्र आंदोलन का ज़िक्र किया तो सभी उपस्थित जन लहालोट हो गए। उन्होंने बहुत ही गहराई में जाकर उनके उन मसलों का भी उल्लेख किया जिनसे उन्होंने जीवन जीने और समाज को प्रगतिशील होने की नसीहतें दीं। छतरपुर विश्वविद्यालय के चार छात्रों दयाशंकर अहिरवार, आशीष मिश्रा, माधव यादव आदि ने हरिशंकर परसाई पर अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणियां दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नंदलाल सिंह ने कहा कि परसाई स्मरण आयोजन महत्वपूर्ण है। परसाई दुनियां के एकमात्र ऐसे लेखक हैं जो समाज पर प्रहार करने के साथ-साथ अपने आप पर भरपूर प्रहार करते हैं। कार्यक्रम में रैन की पुतरिया के लेखक स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में शहर से बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन परसाई के व्यंग्य बाणों को रेखांकित करते हुए बड़े ही ज्ञानवर्धक और प्रभावी अंदाज में नीरज खरे ने किया।

गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणि, कथाकार आभा श्रीवास्तव, हिंदी प्राध्यापक डॉ पुष्पा दुबे, कवि सुरेन्द्र शर्मा सुमन, पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमति प्रकाश जैन, डॉ आर बी पटेल, मीना मिश्रा, एन डी पाठक, स्मिता जैन आदि उपस्थित रहे। हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई, छतरपुर के सचिव श्री रविशंकर पाठक ने उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### साइकिल रेस में अनुभव अग्रवाल अव्वल



**छतरपुर, देशबन्धु।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज सुबह 6 बजे फोर लाइन पर आयोजित 8 किमी की साइकिल रेस प्रतियोगिता में अनुभव अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का खिताब जीत लिया।

प्रतियोगिता के संयोजक महेंद्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल (शिवानी), सुनील अग्रवाल कर्री, आनंद अग्रवाल गोलू, संकेत अग्रवाल के नेतृत्व में साइकिल रेस हुई। समाजसेवी भगवतशरण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में झंडी दिखाकर प्रतियोगियों को रवाना किया। 4 किमी जाना व 4 किमी आना कुल 8 किमी की साइकिल रेस प्रतियोगिता का स्थान परिवर्तन कर ट्रैफिक रोककर फोर लाइन पर कराई गई। इस साइकिल रेस में रविन्द्र अग्रवाल के पुत्र अनुभव अग्रवाल सबसे आगे रहकर पहले स्थान के हकदार बने। अंशुल अग्रवाल पुत्र अजय अग्रवाल द्वितीय, सात्विक अग्रवाल पुत्र बद्री अग्रवाल तृतीय और श्रेयांश अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल चौथे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद संत आशाराम बापू आश्रम में योग वेदांत सेवा समिति द्वारा विजयी प्रतियोगियों को सात्विक उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी समाजजनों को दिव्य प्रेरणा प्रकाश पुस्तक भेंट की गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाजजनों का नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल व नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू ने आभार व्यक्त किया।

### आचार संहिता लागू होते ही हरकत में आया प्रशासन

# 101 लोगों को किया जिला बदर



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ सोमवार को केन्द्रीय चुनाव आयोग की पत्रकारवार्ता के साथ ही देश के 5 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मप्र में 17 नवंबर को विधानसभा के चुनाव होंगे। चुनाव के पहले प्रदेश भर में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है। प्रदेश में चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भी कमान संभाल ली है।आचरण संहिता लागू होते ही जिले में इसका असर भी दिखने लगा है। कलेक्टर-एसपी ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से आचरण संहिता के नियम जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही शासकीय भवनों और दीवारों पर लगाई गई प्रचार सामग्री को हटाया जाने लगा है। पुलिस ने भी सडक़ पर उतरकर वाहनों की जांच शुरू कर दी है। इधर आचार संहिता लागू होने के पहले दिन ही कलेक्टर ने जिले के 100 से ज्यादा लोगों को जिला बदर भी कर दिया है।*

***जिले के विभिन्न थाना अंतर्गत एक साथ 101 अपराधियों पर हुई जिला बदर की कार्यवाही :*** *जिला दंडाधिकारी छतरपुर संदीप जी.आर. ने विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए छतरपुर जिले विभिन्न थाना अंतर्गत 101 आदतन अपराधियों पर एक साथ सोमवार को जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला दंडाधिकारी श्री जी.आर. द्वारा यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 तथा लोक व्यवस्था अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की गई है। जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत 12, थाना सिविल लाइन 16, ओरछा रोड थाना 07, ईशानगर 02, मतगुवां, 02, बिजावर 02, सटई 02, गुलगंज 06, पिपट 01, बकस्वाहा 05, बाजना 02, राजनगर 08, खजुराहो 01, बमीठा 03, बड़ामलहरा 01, भगवां 01, बमनौरा 01, नौगांव 05, गढ़ीमलहरा 03, महाराजपुर 03, हरपालपुर 01, लवकुशनगर 04, प्रकाश बम्हौरी 01, बंशिया 01, चंदला 05, जुझारनगर 02, गोयरा 01 सहित गौरिहार थाना अंतर्गत 03 अपराधियों पर 6 माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई है।*

### पुलिस एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से निकाला फ्लैग मार्च



*__नौगांव, देशबन्धु।__ आदर्श आचार संहिता लागू होने पर महाराजपुर विधानसभा निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम विशा माधवानी के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकालते हुए आचार संहिता का पालन करने, पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने सहित शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।*

*सोमवार दोपहर के समय निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया है।विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने, विधानसभा चुनाव निष्पक्ष कराने के उद्देश्य के साथ प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी के मद्देनजर आचार संहिता लागू होते ही महाराजपुर विधानसभा की निर्वाचन अधिकारी एवं नौगांव एसडीएम विशा माधवानी के नेतृत्व में तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, नौगांव पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, जनपद पंचायत सीईओ भागीरथ प्रशाद तिवारी सहित अनेक प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने फ्लैग मार्च निकाला।*

### पोस्टर वैनर व दीवार पर लिखे प्रचार-प्रसार को मिटाया



**घुवारा, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव की तारीको की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय प्रशासन हरकत मे दिखाई देने लगा है तो वही प्रशानिक अधिकारियो द्वारा अपने दल बल के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर जनता को आचार संहिता का पालन करने की अपील की है।

आपको बतागे कि मध्यप्रदेश मे विधान सभा चुनाव को लेकर 17 नम्मबर को बोटिंग डाली जाना जिसके लिए सोमबर की दोपहर 12 बजे मध्यप्रदेश चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस करके तारीको का ऐलान कर दिया है तारीको का ऐलान होते ही आचार संहिता प्रभावी हो गई है जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जे आर द्वारा समस्त आर ओ को आदेशित करते हुये आचार संहिता को प्रभावी करने के आदेशित का है। उसी आदेश के परिपालन में घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई द्वारा स्थानीय प्रशानिक अमला पुलिस प्रशासन, नगरीय प्रशासन सहित राजस्व अमले की उपथाना परिसर मे बैठक लेते हुये साथ ही निर्वाचन संबधित दिशा निर्देश देते हुये फ्लैग मार्च निकाला फ्लैग मार्च मे तहसलीदार ऋतु सिंघई उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते नगरपरिषद से राजस्व प्रभारी रनमत सिहं सहित तीनो विभागो का अमला मौजूद रहा। फ्लैग मार्च उपथाना ने प्रांरभ हुआ जो नगर के हाईवे से होते हुये मैने बाजार सहित नगर की बिभिन्न गलियो से गुजरा वही तहसीलदार द्वारा दीवारो मे लगे राजनेतीओ के पोस्टरो को निकला तो वही दीवारो पर लगे संबधित उन्मीदवारो के प्रचार-प्रसार को मिटाया।

सागर, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बेहद अहम हैं ये विधानसभा चुनाव

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को जिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है वे अनेक मायनों में महत्वपूर्ण हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विभिन्न चरणों में घोषित किये गये इन चुनावों को एक तरह से देश के सबसे बड़े सियासी टूर्नामेंट यानी लोकसभा चुनाव-2024 के सेमी फाइनल के रूप में देखा जा रहा है। दो बार केन्द्र में सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये अगला चुनाव तो चुनौतीपूर्ण माना ही जा रहा है, मौजूदा सियासी हालात में ये विधानसभा चुनाव भी उनके लिये कोई कम तकलीफदेह नहीं साबित होने जा रहे हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में बिखरे हुए विपक्ष का फायदा उठाते हुए भाजपा ने बड़ी जीतें दर्ज की थीं, लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं रह गयी है। 28 दलों ने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) के नाम से जो संयुक्त प्रतिपक्ष बनाया है, उसका असर लोकसभा चुनावों में तो दिखेगा ही, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बढ़े हुए नैतिक बल के साथ पांचों प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी क्योंकि उसी के नेतृत्व में यह गठबन्धन बना है। फिर, सभी राज्यों में वही मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। राजस्थान, छग, मप्र व मिजोरम में तो वह पहले से ही मुकाबले में थी, तेलंगाना में भी अब मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति एवं कांग्रेस के ही बीच का हो गया है। इस जगह पर पहले भाजपा थी पर अब उसकी स्थिति तीसरे नंबर पर बताई जा रही है। राजस्थान एवं छग में तो उसी की सरकारें हैं, मप्र में भी 2018 का चुनाव कांग्रेस ने जीता था लेकिन भाजपा ने दलबदल कराकर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था और सूबे की सत्ता हथिया ली थी।

इन पांच राज्यों के चुनाव इसलिये भी बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में जीत का रास्ता इसी पर से होकर खुलेगा। भाजपा की घबराहट इसलिये है क्योंकि वह पिछले दो विधानसभा चुनाव हार चुकी है- हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के। दोनों ही राज्य उसने कांग्रेस के हाथों गंवाए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने ही पिछले यानी 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी लेकिन कई राज्यों की तरह विरोधी दलों के विधायकों को येन केन प्रकारेण अपने खेमे में लाकर भाजपा ने यहां सरकार बना ली थी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट भी भाजपा ने उपचुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के आगे खोई है।

यह ऐसा चुनाव होने जा रहा है जिसमें सभी राज्यों में भाजपा की परेशानियों के अलग-अलग सबब हैं लेकिन प्रकारान्तर से जो कॉमन फैक्टर्स हैं, उनमें दो-तीन तो बड़े साफ हैं। पहला तो यह है कि मोदी का चेहरा किसी भी राज्य में अब खुद भाजपा के लिये स्वीकार्य नहीं रह गया है क्योंकि वे कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में इसकी दुर्गति देख चुके हैं। दूसरे, कम से कम मप्र, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में वह बेहद विभाजित दिख रही है और तीनों ही जगहों पर उसके पास 'मोदी नहीं तो कौन?' वाला मसला है। मध्यप्रदेश में मोदी की नाराजगी वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ इस कदर है कि अपनी पिछली तीन चुनावी सभाओं में उन्हें चौहान का नाम लेना तक गवारा नहीं हुआ और न ही उन्होंने सरकार के किसी काम या उपलब्धियों का ज़िक्र तक किया। साथ ही, भाजपा के 7 सांसदों को विधायकी का टिकट दिया गया है जिससे जनता में साफ संदेश गया है कि अगर पार्टी यहां जीत हासिल करती है, जिसकी सम्भावना न के बराबर बतलाई जाती है, तो सीएम पद के लिये और हारती है (जिसके पूरे-पूरे लक्षण हैं) और नेता प्रतिपक्ष के लिये सिर फुटौव्वल तय है। ऐसे ही, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी हाशिये पर डाल दी गई हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह चुनाव तो लड़ रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक सीएम का चेहरा घोषित नहीं किया गया है। यहां भी कुछ सांसद चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे यहां भाजपा को काफी मेहनत की ज़रूरत है।

इन चुनावों में भाजपा के सामने मुद्दों का भी अभाव है। कर्नाटक में उसका पहले कई बार का आजमाया व सफल हुआ ध्रुवीकरण का दांव बेकार हो चुका है, जो उसके लिये चिंता की बात है। अपने करीब चार वर्षों के शासनकाल में उस राज्य में हिजाब से लेकर ऐन चुनाव के पहले तक बजरंगबली का खेल खेलने की कोशिश जरूर हुई परन्तु जनता ने उसे नकार दिया। इसके विपरीत कन्नड़ जनता ने कांग्रेस के सशक्तिकरण के रास्ते को पसंद किया। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जिस तरीके से जमीनी मुद्दों को सरकारों ने तरज़ीह दी है और लोगों का सशक्तिकरण किया है, वह सारा कुछ लोगों के ध्यान में आ रहा है। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा सस्ते सिलेंडरों की सप्लाई से लेकर छग में न्याय योजनाओं की सफलता, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य आदि जैसे कदम भी लोगों को भा रहे हैं। उधर मप्र में प्रशासकीय असफलताओं से चौहान की दिक्कतें काफी बढ़ी हैं।

इन राज्यों में सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच होने से कांग्रेस को कर्नाटक व हिप्र की तरह का फायदा मिल सकता है। कुछ छोटे दल भी चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन लगता नहीं कि उनसे भाजपा को कोई फायदा मिल सकेगा क्योंकि अब मतदाता इस पर बहुत ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा व उसके समर्थकों की इसे अंतर्विरोध बतलाने की कोशिशें भी नाकाम हो रही हैं। वे जानते हैं कि इंडिया गठबन्धन लोकसभा के लिये है।

# अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही?

समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ मोदी सरकार के भीषण हमले ने एक बार फिर इस पर चर्चा तेज करा दी है कि क्या मौजूदा हालात को अघोषित इमरजेंसी कहना उपयुक्त नहीं होगा? जाहिर है कि इमरजेंसी में प्रेस का जिस तरह से दमन हुआ था और प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई थी, उसकी याद प्रेस/मीडिया पर हरेक हमला ताजा करता ही है। और न्यूजक्लिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की भीषणता ने, स्वाभाविक रूप से इमरजेंसी की याद दिला दी है। याद रहे कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा 3 अक्टूबर की छापामारी तथा जब्तियों के बाद दी गई जानकारी के अनुसार भी, 9 महिलाओं समेत कुल 46 लोगों के घरों तथा उनसे जुड़े परिसरों पर छापामारी की गई थी, जिनमें न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के अलावा इतिहासकारों व स्टेंडअप कॉमेडियन से लेकर, वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल थे। पुरुषों को पूछताछ के लिए विशेष सेल के दफ्तर ले जाया गया, जबकि महिलाओं से उनके घरों पर ही पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद, न्यूजक्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन कर्ताधर्ता, अमित चक्रवर्ती को आतंकवाद निरोधक कानून, यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकी सभी लोगों को अगली पूछताछ के लिए तैयार रहने के निर्देश के साथ घर भेज दिया गया। सभी लोगों के फोन, लैपटॉप, डैस्कटॉप आदि, जांच के नाम पर शुरूआत में ही जब्त किए जा चुके थे।

अनुमानत: इस कार्रवाई की चपेट में आने वालों की संख्या सौ के करीब हो सकती है। मीडिया के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर ऐसी दमनकारी कार्रवाई इससे पहले कभी नहीं हुई होगी, न इमरजेंसी से पहले और न इमरजेंसी के बाद। वास्तव में इमरजेंसी के दौरान भी कम से कम ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। फिर भी, जैसे इस कार्रवाई की इमरजेंसी की भावना से समानता स्थापित करने के लिए ही, बड़े पैमाने पर कंप्यूटरों व हर प्रकार के रिकार्ड की जब्ती के बाद, समाचार पोर्टल के दफ्तर के दरवाजे पर, सरकारी मोहर के साथ, बड़ा सा ताला भी लटका दिया गया। यह दूसरी बात है कि इस ताले ने इस पूरी कार्रवाई की दुर्भावना और मनमानेपन को इतने तमाम कायदे-कानूनों को अंगूठा दिखाने वाले तरीके से सामने ला दिया था कि शासन को इस मामले में एक कदम पीछे हटना पड़ा और औपचारिक रूप से सीलबंदी की अपनी कार्रवाई को अगले ही दिन वापस लेना पड़ा।

बहरहाल, न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी। लेकिन, ये गिरफ्तारियां इमरजेंसी की याद सिर्फ इस दमनकारी कानून के इस्तेमाल के लिए भी नहीं दिला रही थीं। यहां इमरजेंसी के निजी अनुभव की भी वापसी हो रही थी। प्रबीर पुरकायस्थ को, जो तब जवाहरलाल विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा छात्र आंदोलन में सक्रिय थे, कुख्यात मीसा के तहत करीब उन्नीस महीने इमरजेंसी में जेल में गुजारने पड़े थे। अब करीब अड़तालीस साल बाद उन्हें एक और वैसे ही दमनकारी कानून, यूएपीए के तहत लंबे समय के लिए जेल में ठूंसने की मोदी राज की तैयारी लगती है। मलयाली पत्रकार, सिद्दीक कप्पन के यूएपीए के अंतर्गत ही दो साल बिना कोई मामला चले जेल में बंद रखे जाने या भीमा कोरेगांव प्रकरण में पत्रकार गौतम नवलखा समेत, अनेक मानवाधिकार तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के करीब चार साल से जेल में बंद होने को देखते हुए, शासन की क्या नीयत है, इस संबंध में किसी शक की गुंजाइश नहीं हो सकती है। यह आज के हालात में इमरजेंसी के अनुभव को और भी प्रासंगिक बना देता है।

बहरहाल, बात सिर्फ हमले की भीषणता या इमरजेंसी जैसे अनुभव के दोहराए जाने भर की नहीं है। और यहां वर्तमान अनुभव


राजेंद्र शर्मा

> न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी।

का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आ जाता है, जो इसे अघोषित इमरजेंसी के आगे, कहीं बहुत खतरनाक बना देता है। यह पहलू, जो इस कार्रवाई के लिए यूएपीए के सहारा लिए जाने में सामने आया, उस एफआईआर से और भी खुलकर सामने आ गया है, जिसके नाम पर यह भीषण कार्रवाई की गई है। इस एफआईआर के आरोपों और इसके पीछे कानूनी प्रक्रिया के प्रति शासन की अगंभीरता का अंदाजा तो एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि देश के कई शहरों में और सौ के करीब लोगों के खिलाफ, जिनमें सबसे बड़ी संख्या पत्रकारों की ही है, यह कार्रवाई शुरू करने और इसके आधार पर यूएपीए के अंतर्गत दो लोगों को गिरफ्तार करने के बावजूद, पुलिस एफआईआर को छुपाए ही रखना चाहती थी। पुरकायस्थ की याचिका पर, अदालत द्वारा बाकायदा आदेश दिए जाने के बाद, उनकी गिरफ्तारी के दूसरे दिन ही पुलिस को उन्हें एफआईआर दिखाना मंजूर हुआ, जबकि देश का कानून यह कहता है कि आरोपों की जानकारी दिए बिना, किसी के खिलाफ कार्रवाई की ही नहीं जा सकती है।

और आखिरकार, जो एफआईआर सामने आई है, उसे एक भोंडी कल्पना पर आधारित रहस्यकथा ही कहा जा सकता है, जिसमें बिना किसी तुक के आरोपों की माला बनाकर पेश कर दी गई है। इस कहानी के अनुसार, समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक भारतीय राष्ट्र-राज्य के खिलाफ विदेशी आतंकवादी षडयंत्र के हिस्से के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन, यह पोर्टल ऐसा क्या काम कर रहा था, जो ऐसे षडयंत्र का हिस्सा था यानी उसने वास्तव में क्या अपराध किया था, इसका इस पूरी कहानी में कोई जिक्र ही नहीं है। अलबत्ता, इस कार्रवाई के क्रम में पुलिस की पूछताछ में प्राय: सभी लोगों से और खासतौर पर पत्रकारों से जो सवाल पूछे गए हैं, उनसे लगता है कि तीन मुद्दों की रिपोर्टिंग सरकार की निगाहों में खासतौर पर अपराध की श्रेणी में आती है—तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन, कोविड-19 महामारी के सामने सरकार के कदमों की सफलता-विफलताएं और 2020 के शुरू का दिल्ली का दंगा और उससे पहले से चल रहा नागरिकता कानून संशोधन/एनआरसी-विरोधी आंदोलन। जाहिर है कि आम तौर पर, मोदी सरकार की आलोचना ही गुनाह है, पर खासतौर पर इन तीनों मुद्दों पर आलोचना तो, आतंकवादी गुनाह है।

और उस पर यह आतंक मामूली आतंकवाद का नहीं, विदेश-संचालित आतंकवाद का मामला है। पुन: विदेश संचालितता के आरोप भी किसी तथ्य या साक्ष्यों के मोहताज नहीं हैं। ये आरोप, एक और आरोप से निकले हैं कि न्यूजक्लिक समाचार पोर्टल के रूप में अपना काम, नेविल रायसिंघम नाम के एक अमेरिकी उद्योगपति के इशारे पर कर रहा था। क्यों? क्योंकि उसमें इस उद्योगपति ने अपने कुछ करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन, डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश तो भारतीय कानून में वैध है और ऐसे निवेश से मीडिया के संपादकीय निर्णयों को प्रभावित होने से बचाने के लिए भी, कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। वास्तव में न्यूजक्लिक का शुरू से यही रुख रहा है कि उसने भारतीय कानून का पालन करते हुए निवेश हासिल किए हैं और भारतीय कानून का पूरी तरह से पालन करते हुए ही यह डिजिटल प्लेटफार्म अपनी पत्रकारिता का काम करता रहा है। किसी भारतीय कानून के उल्लंघन के कोई साक्ष्य भी नहीं हैं। वास्तव में 2021 से भारत सरकार की तीन-तीन एजेंसियां—आयकर विभाग, सीबीआई और एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट—ठीक इन्हीं आरोपों की जांच करती रही हैं और कोई उल्लंघन साबित नहीं कर पाई हैं। यहां तक कि यूएपीए के तहत ताजा कार्रवाई से चंद रोज पहले ही, दिल्ली हाई कोर्ट ने एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट के अपने आरोपों के पक्ष में साक्ष्य पेश नहीं कर पाने को देखते हुए, इस मामले में उसके प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ कोई दमनकारी कार्रवाई करने पर रोक ही लगा दी थी। वास्तव में इसके बाद ही, उन्हें बिना अदालती सुनवाई के लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने के लिए, अब एनआईए को लाया गया है और यूएपीए का दांव आजमाया गया है।

विदेश संचालित आतंकवाद का दावा, इस दावे पर आधारित है कि इस सबके पीछे चीनी आतंकवादी षडयंत्र है। यह दावा भी, इस एक और दावे पर आधारित है कि अमेरिकी नागरिक होते हुए भी, अमेरिकी उद्यमी रायसिंघम जो कि चीन में भी रहता है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का सक्रिय सदस्य है और पार्टी का सक्रिय सदस्य है, इसलिए भारत के खिलाफ चीन के षडयंत्र का हिस्सा है। दिलचस्प है कि कथित टैरर फंडिंग के इस षडयंत्र में वीवो तथा शाओमी जैसी भीमकाय, टेलीकॉम उत्पादक कंपनियों को भी लपेट लिया गया है। लेकिन, यह सब कितना अगंभीर है, इसको प्रख्यात संपादक, सिद्धार्थ वरदराजन ने अपनी हाल की एक टिप्पणी में, कुछ छोटे-छोटे और बहुत ही सीधे-सरल सवालों से बेपर्दा कर दिया है। संक्षेप में उनका सवाल यह है कि अगर वाकई यह विदेश संचालित टेरर-फंडिंग नेटवर्क का मामला है, तो उस नेटवर्क के मुख्य संचालकों यानी चीनी सरकार, संबंधित चीनी कंपनियों से लेकर अमेरिकी नागरिक रायसिंघम तक के खिलाफ, मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? या फिर ये सब दावे सिर्फ मोदी सरकार के आलोचकों को दबाने की लाठी बनने के लिए ही हैं, उस के अलावा किसी तरह ध्यान देने के लिए नहीं।

यहीं हम मौजूदा हालात के अघोषित इमरजेंसी से आगे, इमरजेंसी से ज्यादा खतरनाक होने पर आ जाते हैं। इतिहासकार प्रो. ज्ञान प्रकाश, जिन्होंने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी पर बहुत चर्चित किताब लिखी है, वर्तमान परिस्थिति के इस चरित्र पर जोर देते हुए, जिन दो विशेषताओं को रेखांकित करते हैं, उनमें पहली तो विरोधियों को कुचलने के लिए विदेशी टैरर फंडिंग नैटवर्क जैसे आरोप जड़ना ही है, जिन्हें जड़ना ही काफी है और साबित करने की कोई जरूरत नहीं है। और दूसरी विशेषता है, उपलब्ध कानूनी प्रक्रियाओं के दायरे से बाहर जाकर, किसी भी बहाने या साधन से अपने विरोधियों को कुचलना। जाहिर है कि इसके सामने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी काफी मासूम दिखाई देती है। हैरानी की बात नहीं है कि देश भर में सिर्फ मीडिया से जुड़े लोग ही नहीं, आम तौर पर जनतंत्र की परवाह करने वाले नागरिक भी इस सच्चाई को समझ रहे हैं कि यह सिर्फ एक न्यूज पोर्टल को कुचलने की कोशिश का मामला नहीं है। यह मुख्यधारा के मीडिया के बड़े हिस्से को खरीदकर जेब में डालने के बाद, अब शासकों के मीडिया की बची-खुची स्वतंत्र आवाजों और खासतौर पर डिजिटल मीडिया में ऐसी आवाजों का गला दबाने की कोशिश का ही मामला है। और इस कोशिश की कामयाबी, जनतंत्र के लिए मौत की घंटी होगी। इसीलिए, इस हमले का सत्तापक्ष और उसके पालतू मीडिया को छोड़कर, देश और दुनिया भर से जैसा चौतरफा विरोध हो रहा है, वैसा इमरजेंसी में सेंसरशिप का नहीं हुआ होगा।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प

■ सुशील कुट्टी

दक्षिण' वैसा नहीं है जैसा 'उत्तर' है, और यह राजनीतिक अहसास उतना ही पुराना है जितना स्वतंत्र भारत। लेकिन, यह पहली बार था जब भारत के किसी प्रधानमंत्री ने 'दक्षिण' को यह याद दिलाने की जहमत उठाई कि वह 'उत्तर' की तुलना में स्थायी नुकसान में है। लोगों ने ऐसे दुखदायी और अपमानजनक वचन सुने, लेकिन तब कोई और नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुना, यह भी कि आगे क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक रैली में मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे, जहां हाल के हफ्तों में राहुल गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और यहां तक कि सोनिया गांधी तक राजनेता बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं।

दरअसल, अनेक गूढ़ अर्थ भरे हुए बयान आये हैं। सबसे पहले, राहुल गांधी ने बिहार जाति जनगणना के मद्देनजर 'जितनी आबादी, उतना हक' की बात की। आइए, यह न भूलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान 'जाति जनगणना' शब्द के प्रति बेहद संवेदनशील हैं, जिसे वह अपने दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार से जोड़ते हैं, जो 'जाति जनगणना' और इसके राष्ट्रीय स्तर से लेकर नीचे तक में होने वाले संभावित प्रभाव के कारण वापस राजनीतिक परिदृश्य में जोरदार ढंग से आ गये हैं।

बिहार जाति जनगणना के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने स्वयं के 'ब्रह्मास्त्र' की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और संभावना है कि उन्होंने इसे जनसंख्या के आधार पर परिसीमन में पाया है। परिसीमन 2026 में होना है और आदर्श रूप से इसे अभी के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए था, लेकिन मोदी इंतजार नहीं कर सकते थे क्योंकि हर गुजरता दिन उन्हें' राजनीतिक सफाये' के करीब ला रहा है और इसलिए आज के संकट को आज ही संबोधित करना होगा, कल तक नहीं छोड़ना होगा।

साथ ही, परिसीमन मुद्दे पर 'दक्षिण' पहले से ही आंदोलन के संकेत दे रहा है। डर यह था कि इससे संसद में दक्षिण का प्रतिनिधित्व भारी गिरावट के साथ समाप्त हो सकता है। मोदी ने इस स्पष्ट डर का सहारा लिया। उन्होंने तेलंगाना के निज़ामाबाद में रैली में कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के बाद, दक्षिण को 'लोकसभा में 100सीटों तक का नुकसान होगा' क्योंकि अगर राहुल गांधी की 'जितनी आबादी, उतना हक' के फार्मूले को लागू करें तो दक्षिण का यही हक़ होगा।

ऐसी स्थिति क्या जनसंख्या नियंत्रण के मामले में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दक्षिण भारत को दंडित करना नहीं होगा? विशेषकर वैसी स्थिति में जब उत्तर भारत जनसंख्या नियंत्रण के स्थान पर जनसंख्या तेज गति से बढ़ाता रहा। इस मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार, यहां तक कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य भी शामिल हैं। राहुल गांधी का नारा 'जितनी आबादी, उतना हक' मोदी के मुंह से निकला और निज़ामाबाद रैली में गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक राष्ट्रीय जाति जनगणना की मांग को टाल पाएंगे? विपक्षी इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को आसानी से छोड़ने वाला नहीं है।

'देश अब अगले परिसीमन के बारे में बात कर रहा है। इसका मतलब यह होगा कि जहां भी जनसंख्या कम है, वहां लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी, और जहां जनसंख्या अधिक है, वहां लोकसभा सीटें बढ़ जायेंगी... दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, लेकिन कांग्रेस के अधिकारों के नये विचार के कारण उन्हें भारी नुकसान होगा। जनसंख्या के अनुपात में इसे लागू किया गया... तो दक्षिण भारत को 100 लोकसभा सीटों का नुकसान होगा... क्या दक्षिण भारत इसे स्वीकार करेगा? क्या दक्षिण भारत कांग्रेस को माफ करेगा? मैं कांग्रेस नेताओं से कहना चाहता हूं कि वे देश को मूर्ख न बनायें।' यह स्पष्ट करें कि वे यह खेल क्यों खेल रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कबूतरों के बीच बिल्ली का खेल खेलते हुए कहा।

यह अकारण नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बहुत, बहुत बुद्धिमान व्यक्ति' कहते हैं। मोदी ने गेंद राहुल गांधी के पाले में डाल दी और इस बात पर स्पष्टता की मांग की कि क्या भारत-गठबंधन दक्षिण भारत के साथ है या उसके खिलाफ है, उन्होंने कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' हर संभव तरीके से दक्षिण भारत को उत्तर भारत के सामने बौना बना देगा। यह आग से खेलने जैसा है लेकिन भारत पर उत्तर की पकड़ पूरी तरह से है और उस बिंदु पर हिसाब-किताब करना समय की मांग है और अपरिहार्य भी।

> उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी।

इस मुद्दे को उठाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी, लेकिन मोदी 'दक्षिण' के लिए बोलते हैं क्योंकि वह चाहते हैं कि 'दक्षिण' भाजपा के अनुकूल प्रतिक्रिया दे।

अब, यह कांग्रेस पर निर्भर है कि वह अपने दक्षिणी गढ़ में कम लोकसभा सीटों और भाजपा को उत्तर भारत के गढ़ में लोकसभा सीटों की भारी वृद्धि के बीच किसी एक को चुनने का निर्णय ले, जो जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के कारण हो सकता है। हालांकि, यह तर्क दिया जा सकता है कि 'उत्तर में भाजपा है और दक्षिण में कांग्रेस है', पर वास्तव में पूरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और प्रधानमंत्री केवल आधे-अधूरे होकर बहुत चतुर होने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इंडिया गठबंधन में एकता से आतंकित हैं। गठबंधन द्वारा और अधिक राज्यों में जाति जनगणना कराये जाने की संभावना है और भाजपा की खुद की सत्ता-विरोधी लहर उनकी तीसरी बारी की संभावनाओं को कम कर रही है। किसी भी स्थिति में, परिसीमन 2024 में लोकसभा चुनाव के काफी समय बाद 2026 में होगा।

## पावन प्रसंग

# मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, विशेषकर कोविड महामारी के बाद जब पूरे विश्व का जीवन घर की चहारदीवारी में सिमट कर रह गया था तब जहां यह एक दूसरे से जुड़ने का माध्यम बना, पढ़ाई से लेकर घटनाओं से जुड़े रहने में सहायक रहा, विषम समय में मनोरंजन का साधन बना, लेकिन वहीं इसका अत्यधिक उपयोग आज कई तरह के नकारात्मक प्रभावों के साथ सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया की चकाचौंध से प्रभावित 25 प्रतिशत लोग स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

कोविड महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों की सन् 2021 की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 88 फीसदी व्यक्तियों ने सीधे तौर पर यह स्वीकार किया था कि सोशल मीडिया खुशी एवं आत्मछवि पर नकारात्मकक प्रभाव डालता है, जबकि कुछ लोगों ने इसके कारण चिंता, अकेलेपन और अवसाद की बात स्वीकारी थी। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नार्वे में हुए क्रॉस-नेशनल ऑनलाइन सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था कि कोरोना महामारी के दौरान अकेलेपन को कम करने व मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के उपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सोशल मीडिया से उत्पन्न प्रमुख विकार फोमो अर्थात फीयर ऑफ मिसिंग आउट माना जा रहा है। जब कोई सोशल मीडिया में दूसरों को अपने से बेहतर पाता है, तो उसे लगता है कि जीवन में कुछ कमी है। आपसी तुलना होने लगती है।

जिन व्यक्तियों के कमी फालोअर होते हैं, वे अवसाद में चले जाते हैं तथा खाने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। इसके साथ उनका आत्मसम्मान प्रभावित होता है, उद्विग्नता का भाव जाग्रत होता है और अपने खाली स्थान को भरने के लिए सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग की ओर प्रेरित होते हैं। इसका एक अन्य कारण रहता है- डोपामाइन नाम के जैविक रसायन का स्राव। जब अपनी पसंद की चीजें या व्यवहार सोशल मीडिया पर उपलब्ध होता है, तो डोपामाइन स्रावित होता है, जो तात्कालिक संतुष्टि की अनुभूति देता है, जो उस पर वापस जाने के लिए उकसाता है। इसके वशीभूत सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए, इसे खंगालते हुए व्यक्ति इतना मगन हो जाता है कि उसे समय का भान नहीं रहता। इस दौरान तन-मन पर पड़ रहे इसके नकारात्मक प्रभाव के प्रति भी सचेष्ट नहीं रह पाता, जो बाद में अपना सर उठाते हैं। इसके परिणामस्वरूप स्क्रीन टाइम बढ़ने से नेत्रों से लेकर मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। आंखों में आंसू आने लगते हैं, कुछ की तो नजर तक कमजोर हो जाती है व आंखों में सूखेपन की समस्या प्रारंभ हो जाती है।

ऐसे में अस्त-व्यस्त दिनचर्या, दैनिक कार्यों में लेट-लतीफी के साथ मन उचटा-उचटा सा रहता है और किसी काम में मन एकाग्र नहीं हो पाता। स्मरणशक्ति क्षीण हो जाती है। सोशल मीडिया की लत का शिकार व्यक्ति आभासी दुनिया में जीने लगता है और वास्तविकता से उसका नाता कटने लगता है। जीवन के खालीपन को भरने के लिए जिस सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है, वह प्रारंभ में एक बैसाखी का काम करता है, 53 फीसदी लोगों ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया का उपयोग कम करने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इसके साथ मोबाइल के बाहर मनोरंजन के और स्वस्थ तौर-तरीके खोजे जा सकते हैं।

परिवार, दोस्तों व शुभचिंतकों के साथ अधिक समय बिताएं। इन उपायों के साथ सोशल मीडिया से जुड़े नकारात्मक प्रभाव काफी हद तक सीमित हो जाएंगे व इसका श्रेष्ठतम उपयोग बन पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलन सधने लगेगा, कार्यक्षमता बढ़ेगी और जीवन अधिक सुखी, सफल व संतुष्टि लिए होगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# ईरान की बहादुर महिला नर्गिस मोहम्मदी को सलाम

नर्गिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान ईरान में महिलाओं के शोषण के विरूद्ध और उनके मानवाधिकारों के लिए सतत संघर्ष के लिए दिया जा रहा है। यहां यह स्मरणीय है कि ईरान में महिलाओं का एक सशक्त आंदोलन तब प्रारंभ हुआ जब वहां की एक 22 वर्षीय युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस महिला को ईरान की तथाकथित धार्मिक पुलिस गाईडेंस पेट्रोल द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

इस घटना के बाद ईरान की महिलाओं ने एक शक्तिशाली आंदोलन प्रारंभ किया। इस आंदोलन को कुचलने के प्रयास में बहुत से लोग मारे गए। मरने वालों में 44 नाबालिग भी थे। बीस हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए।

पुरस्कार की घोषणा करते हुए इस बात का उल्लेख किया गया कि ईरान की धार्मिक सरकार द्वारा किस तरह देश में ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी दमन चक्र चलाया जा रहा है जो सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे थे। इस संघर्ष में नर्गिस ने पूरी हिम्मत के साथ भाग लिया था।

51 वर्षीय नर्गिस उन 137 व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें शांति स्थापित करने और शोषण के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह उच्चतम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सन् 1901 में स्थापित किया गया था। अब तक यह पुरस्कार नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा सहित कई महान हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है। नर्गिस शांति पुरस्कार पाने वाली 19वीं महिला हैं और ईरान की दूसरी। ईरान की जिस दूसरी महिला को यह पुरस्कार प्रदान किया गया उनका नाम शीरीन एबादी हैं जिन्हें सन् 2003 में यह पुरस्कार मिला था।

मोहम्मदी कई वर्षों से महिलाओं पर होने वाली ज्यादतियों के विरूद्ध संघर्षरत हैं। वे इस समय 10 साल की सजा भुगत रही हैं। उन्हें ईरान की सरकार के विरूद्ध लगातार प्रचार करने के आरोप में सजा दी गई है। उनके तीन दशक लंबे संघर्ष के कारण ईरान में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के हित के कई सुधार हुए हैं। लेकिन इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें अपनी आजादी, इंजीनियरिंग का अपना प्रोफेशन और अपना परिवार- बहुत कुछ खोना पड़ा है। उनके पति, जो उनके संघर्ष में उनके सहयोगी रहे, और उनकी जो जुड़वां बेटियों को उनकी विचारधारा के चलते फ्रांस में निर्वासित जीवन बिताना पड़ रहा है। वे पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार से नहीं मिलीं हैं।

उनके बेटे अली रहमानी कहते हैं कि उन्हें अपनी मां पर गर्व है। यह पुरस्कार सिर्फ मां के त्याग और बहादुरी का सम्मान नहीं है बल्कि यह पूरे ईरान की महिलाओं का सम्मान है। मोहम्मदी अब तक 13 बार गिरफ्तार की जा चुकी हैं और पांच बार सजा भुगत चुकी हैं। उन्हें कुल मिलाकर अब तक 31 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्हें 154 कोड़ों की सजा भी दी गई है। जेल में रहते हुए भी वे ईरान और दुनिया की समस्याओं पर अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करती रहती हैं। वे जेल से ही कई अभियान चलाती रहतीं हैं।

नोबल पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुझमें और जोश भरेगा भले ही मुझे पूरा जीवन जेल के सींखचों के पीछे बिताना पड़े। मैं ताजिंदगी लोकतांत्रिक अधिकारों, आजादी और समानता के लिए लड़ती रहूंगी। यह पुरस्कार मुझे और ज्यादा दृढ़ प्रतिज्ञ और आशावादी बनाएगा। मेरे संघर्ष को दी गई यह मान्यता ईरान के नागरिकों के बदलाव के लिए जारी संघर्ष को और तीव्र, मजबूत और संगठित बनाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अंतत: हमारी जीत होगी।

**एल.एस. हरदेनिया**

# मुख्यमंत्री निवास घेरने जा रहे करणी सेना के कार्यकर्ता गिरफ्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** करणी सेना ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर भोपाल में प्रदर्शन किया। हालांकि प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री निवास घेराव करने जा रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोक भी हुई।

करणी सेना के कार्यकर्ता रविवार को बड़ी संख्या में राजधानी के रातीबड़ क्षेत्र में जुटे। इन्होंने यहां पहले एक सभा की। इसके बाद दोपहर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव के लिए निकले। लेकिन पुलिस ने इन्हें नीलबड़ चौराहे के पास रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक हुई और कार्यकर्ता यहां बेरिकेड्स हटाकर आगे बढ़ गए तो पुलिस ने करणी सेना को थोड़ी ही दूरी पर बेरिकेडिंग कर फिर से रोक दिया। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी आगे जाने की बात पर अड़े रहे तो बाद पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह समेत करीब 100 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, देर रात उन्हें रिहा कर शहर के बाहर छोड़ दिया गया।

इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव ने कहा कि हम पहले 2 आंदोलन कर चुके हैं। तब केवल आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त करा दिए गए थे। उसके बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। अब हमने फिर 10 सूत्रीय मांगें मुख्यमंत्री तक पहुंचाई है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि हमारी लड़ाई प्रशासन से नहीं है। अनुशासन पूर्वक मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे हैं। प्रशासन ने हम पर लाठी चार्ज किया तो हम वादा करते हैं सरकार को बैसाखी पर लाकर छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस ने भी कभी हमारा साथ नहीं दिया। आज से हमारी असल लड़ाई शुरू है।

पुलिस ने करणी सेना के प्रदर्शन को देखते हुए नीलबड़ से भदभदा चौराहे तक जगह-जगह बैरीकेड लगाए थे। मौके पर आला अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था।

## सर्व ब्राह्मण युवा समिति अध्यक्ष ने मुंडन कराकर जताया विरोध



**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के भेल जंबूरी मैदान पर चार जून को हुए ब्राह्मण समाज के महाकुंभ मुख्यमंत्री ने ब्राह्मण समाज की मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया था, जो चार महीने बाद भी पूरी नहीं हुई हैं। इसी के विरोध में रविवार को सर्व ब्राह्मण युवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष पंडित रामनारायण अवस्थी ने शिवाजी नगर श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में मुंडन कराया।

पंडित अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करने की बात कही थी, जो नहीं कराया। इसके अलावा सरकार की अंतिम कैबिनेट में जिन मंदिरों की जमीन नहीं हैं, उनके पुजारियों के लिए पांच हजार महीना देने की घोषणा, संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण बच्चों को पहली से पांचवीं तक आठ हजार रुपये देने, छठवीं से 12वीं तक 10 हजार रुपये, पाठ्क्रम में भगवान श्री परशुराम की जीवनी शामिल करने की घोषणाएं भी पूरी नहीं हुई। इसी के विरोध में मुंडन कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान नहीं करेगा। उम्मीदवारों के प्रचार में भी ब्राह्मण समाज के लोग शामिल न हो, इसकी अपील प्रदेश भर के ब्राह्मण समाज से की जाएगी।

### ब्राह्मण समाज की मांगें नहीं मान रहे

इससे पहले श्री परशुराम मंदिर में रविवार सुबह ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसमें समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में इस बात को लेकर चिंता प्रकट की गई कि ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ छल हो रहा है। मुख्यमंत्री अन्य समाज की मांगें तो पूरी कर रहे हैं, लेकिन ब्राह्मण समाज की नहीं कर रहे हैं। सर्व ब्राह्मण युवा समिति ने चेतावनी दी कि इसका परिणाम भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# घर में घुसकर विवाहिता से किया दुष्कर्म

## आरोपी के दोस्त ने भी ब्लैकमेल कर किया शारीरिक शोषण

**भोपाल, देशबन्धु।** जिले की बैरसिया तहसील के एक गांव में विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी महिला का पड़ोसी है। उसने दो माह पहले महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद भी वह महिला को बदनाम करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। इसके बारे में आरोपी के एक दोस्त को पता चल गया तो उसने भी महिला को ब्लैकमेल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आखिरकार महिला ने तंग आकर आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी।

बैरसिया थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि 25 वर्षीय महिला गृहणी है और बैरसिया के एक गांव की रहने वाली है। उसका पति निजी काम करता है। इसी सिलसिले में उसे कई बार बाहर जाना पड़ता है। 11 अगस्त को महिला का पति बाहर गया हुआ था और महिला अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला विपिन मीणा रात करीब पौने 12 बजे उसके घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने विरोध किया, लेकिन आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर चुप करा दिया। बाद में भी वह महिला को धमकाकर लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। कुछ दिन पहले विपिन के दोस्त अमित धाकड़ को इसके बारे में पता चला, तो वह भी महिला के घर पहुंच गया और उसे बदनाम करने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद महिला थाने पहुंची और दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अपहृत किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया

बैरसिया, देशबन्धु। बैरसिया थाना पुलिस ने एक सप्ताह पहले अपहृत किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरसिया निवासी एक व्यक्ति ने गत 30 सितम्बर थाने में शिकायत कराई थी कि उसकी नाबालिक लडकी मोनिका (परिर्वतित नाम ) को कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना बैरसिया मे अपहरण का मामला पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पता चला कि लडकी मीना बाजार बैरसिया मे काम करती थी। उसी दुकान पर विदिशा का रहने वाला अभिषेक मालवीय भी काम करता था, जो अपहरण दिनांक से दुकान पर काम करने नही आ रहा था। इस पर पुलिस टीम द्वारा संदेही अभिषेक की विदिशा मे दबिश दी गई। अभिषेक को पुलिस की भनक लगने पर वह फरार होने मे कामयाब रहा तथा उसके घर से नाबालिक लडकी मोनिका को दस्तयाब कर उससे पूछताछ करने के उपरांत परिजनो को सुपुर्द किया गया। आज मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अभिषेक महामाई के पढार बसई बैरसिया के पास बिना नम्बर की मोटर साईकिल पर दिखाई दिया है। इस पर थाना प्रभारी बैरसिया द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने यहां घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक मालवीय पिता इमरत मालवीय उम्र 24 साल निवासी मुखर्जी नगर विदिशा को गिरफ्त में ले लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते, उनि रिंकू जाटव, सउनि राजेश दुबे, सउनि उमाशंकर शर्मा, प्रआर0 मुस्ताक अहमद (साइबर सेल) आर. डालचंद, एवं नगर रक्षा समिति सदस्यो का योगदान रहा।

### तीसरी रेलवे लाइन के कार्य के चलते

# जनशताब्दी, इंटरसिटी और पातालकोट सहित 42 ट्रेनों को किया निरस्त

**भोपाल, देशबन्धु।** अगर आप 13 से 28 अक्टूबर के बीच रेल सफर करने वाले हैं तो जान लीजिए कि भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली 42 ट्रेनों को रेलवे ने अलग अलग तिथियों पर निरस्त किया है। इसमें जनशताब्दी, इंटरसिटी , इंदौर पंचवेली, पातालकोट, श्रीधाम, बिलासपुर व हमसफर एक्सप्रेस जैसी ट्रेन शामिल हैं।

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि बुदनी-बरखेड़ा के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे ने यह निर्णय लिया है। यह कार्य तीसरी रेल लाइन कार्य के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के चलते इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक तथा 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस 16 से 28 अक्टूबर तक, एलटीटी-रानी कमलापति एक्सप्रेस 26 अक्टूबर को तथा रानी कमलापति-एलटीटी एक्सप्रेस 27 अक्टूबर को, एलटीटी-रानी कमलापति एक्सप्रेस 26 अक्टूबर को तथा रानी कमलापति-एलटीटी एक्सप्रेस 27 अक्टूबर को, रानी कमलापति-जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक तथा जबलपुर-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस 16 से 28 अक्टूबर तक, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधामएक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक तथा हजरत निजामुद्दीन -जबलपुर श्रीधामएक्सप्रेस 16 से 28 अक्टूबर तक, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 14 से 25 अक्टूबर तक तथा भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 16 से 27अक्टूबर तक, बिलासपुर- इंदौर एक्सप्रेस 14 से 26 अक्टूबरत तथा इंदौर- बिलासपुर एक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक, रानी कमलापति-अधारताल- इंटरसिटी एक्सप्रेस 25 से 27 अक्टूबर तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।

वहीं बीना-कटनी मुड़वारा-बीना मेमू स्पेशल15 से 27 अक्टूबर तक, हैदराबाद डेकन नामपल्ली - गोरखपुर जंक्शन एक्सप्रेस 13 एवं 20 अक्टूबर को तथा गोरखपुर - हैदराबाद डेकन नामपल्ली एक्सप्रेस 15 एवं 22 अक्टूबर को, फिरोजपुर छावनी जंक्शन-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस14 से 27 अक्टूबर तक तथा सिवनी-फिरोजपुर छावनी जंक्शन पातालकोट एक्सप्रेसक 15 से 28 तक, गोरखपुर-महबूबनगर एक्सप्रेस 14 एवं 21 अक्टूबर को तथा महबूबनगर - गोरखपुर एक्सप्रेस 16 एवं 23 अक्टूबर को, हिसार-तिरुपति एक्सप्रेस 14 एवं 21 अक्टूबर को तथा तिरुपति-हिसार एक्सप्रेस 17 एवं 24अक्टूबर को, हैदराबाद डेकन नामपल्ली-जयपुर एक्सप्रेस 16 से 25 अक्टूबर तक तथा जयपुर-हैदराबाद डेकन नामपल्ली एक्सप्रेस 18 से 27 अक्टूबर तक, डॉ अम्बेडकर नगर ङ्कनागपुर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को तथा नागपुर-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 25अक्टूबर को निरस्त रहेगी।

उधर एलटीटी-हरिद्वार एक्सप्रेस 16 से 26 अक्टूबर तक तथा हरिद्वार -एलटीटी एक्सप्रेस 17 से 27 अक्टूबर तक, भुसावल-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 15 से 24 अक्टूबर तक तथा हजरत निजामुद्दीन-भुसावल एक्सप्रेस 13 से 22 अक्टूबर तक, भगत की कोठी - तिरुच्चिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस 18 एवं 25 अक्टूबर को तथा तिरुच्चिरापल्ली - भगत की कोठी हमसफर एक्सप्रेस 21 एवं 28. अक्टूबर को , रोयापुरम-पटेल नगर एक्सप्रेस 15 से 25 अक्टूबर तक तथा पटेल नगर -रोयापुरम एक्सप्रेस 18 से 28 अक्टूबर तक, कोयम्बटूर नार्थ-पटेल नगर एक्सप्रेस 14 से 21 अक्टूबर तक तथा गाड़ी संख्या पटेल नगर -कोयम्बटूर नार्थ एक्सप्रेस 18 से 25 तक, यशवंतपुर-तुगलकाबाद एक्सप्रेस दिनांक 14 से 24 अक्टूबर तक तथा तुगलकाबाद -यशवंतपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस 18 से 28 अक्टूबर तक सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु-ओखला एक्सप्रेस 15 से 22 अक्टूबर तक तथा ओखला -सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु एक्सप्रेस 18 से 25 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी।

# *दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया हुनर*



***भोपाल, देशबन्धु।*** *आम लोग की नजर में सहानुभूति के पात्र, लेकिन मन में कुछ कर गुजरने के जज्बे को लेकर प्रदेश के करीब डेढ़ हजार दिव्यांग बच्चों ने भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में अपने हुनर का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। मौका था रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन द्वारा आयोजित शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता का।*

*इस प्रतियोगिता में विदिशा, खरगोन, राजगढ़, होशंगाबाद, भोपाल, रीवा, जबलपुर, इंदौर, देवास, शुजालपुर , नरसिंगगढ़, नागदा से विभिन्न श्रेणी के डेढ़ हजार दिव्यांग बच्चे भाग लेने आए। इन्होंने स्पेशल ओलंपिक मापदंड के अनुसार दौड़, रिले दौड़, हिट द बाल, कैरम, पावर ऑफ रिस्ट, शॉटपुट प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी भागीदारी की। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। इस अवसर भोपाल के सभी रोटरी क्लब के सहयोग सेचित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । यह आयोजन सभी दर्शकों के लिए खुला रखा गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रभाकर तिवारी, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डीजीई अनीश मलिक, डीजीएन सुनील मल्होत्रा वर्तमान डीजी रितु ग्रोवर, पीजीडी गजेंद्र नारंग, आलोक बिल्लौर ,जिनेंद्र जैन, कर्नल महेंद्र मिश्रा पीडीजी रोटेरियन धीरन दत्ता, जीके छिब्बर प्रमुख रूप से उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में एशियाई दिव्यांग खेलों में भाग लेने वाले भी कई प्रतिभागी भी शामिल हुए। भोपाल रोटरी क्लब मिड टाउन के अध्यक्ष आभास जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में आने वाले सभी प्रतिभागियों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया। सुविधा क्लब की ओर से उन्हें आवास और परिवहन की उपलब्ध कराई गई। प्रतियोगिता के अध्यक्ष संजय निगम ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार भोपाल के 20 क्लबों की ओर से उपलब्ध कराए गए । इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन के सुनील भार्गव, अमित तनेजा, हंसराज मुटरेजा, पुष्कर भाटी, राजेश नामदेव, विनोद तिवारी, वीरेंद्र गुर्जर, हेम सिंह गुर्जर, तरुणा तनेजा, नीतू तिवारी, रूचिता अग्रवाल, श्रीमती शोभा भार्गव, श्रीमती प्रीति उपाध्याय, शुभ्रांशु उपाध्याय सहित विभिन्न रोटरी क्लबो के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*

## लोधा लोधी समाज की बैठक में बनाई धर्मशाला निर्माण की रूपरेखा



**गुना, देशबन्धु।** लोधा-लोधी समाज की बैठक समाज की धर्मशाला कुशमोदा में संपन्न हुई। जिसमें समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश लोधा कंचनपुरा ने बताया है कि बैठक में अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई का जन्म दिवस विशाल वाहन रैली निकाल कर 20 अगस्त को मनाया गया था। जिसका आय व्यय का लेखा जोका दिया गया है। जिस समाज बंधु को आय व्यय लेखा जोखा कि जानकारी चाहिए वह आगामी बैठक में ले सकते हैं। इस दौरान बैठक में धर्मशाला निर्माण की रूपरेखा बनाई गई। आगामी बैठक में संगठन के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष केदार सिंह गणेशपुरा, जिला सचिव लक्ष्मण सिंह फौजी, युवा अध्यक्ष विशालसिंह, लल्लू सिंह हिलगना, कन्हैयालाल भठोदिया जशवंत उमरिया, युवा सचिव राजेश लोधा, युवा उपाध्यक्ष प्रहलाद गोलाखेड़ी, जनक सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, गोवर्धन लोधा रूपसिहं लोधा, बसंत लोधा सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## खाद्य लाइसेंस और पंजीयन लेना जरूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत समस्त प्रकार के छोटे-बड़े खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लाइसेंस एवम पंजीयन लेना कानूनन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं अधिकतम 2 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये से अधिक का खाद्य कारोबार करते हैं उन्हें लायसेंस लेना है, जिसके लिये 2 हजार रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नक्शा, आधार कार्ड की फोटोकापी, दुकान के पते का दस्तावेज, बिजली बिल साथ में लाना होगा।

# संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर सम्पन्न



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन के तहत जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा एवं संयोजक महेश वीधानी के मार्गदर्शन में संत निरंकारी सत्संग भवन में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया । शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लग गई थी और यह सिलसिला शाम तक जारी रहा।

इस दौरान सवा 5 सौ से ज्यादा रक्तदाताओं ने रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा की। शिविर की व्यवस्था संयोजक महेश वीधानी, संचालक अशोक नाथानी, सहायक संचालिका निशा टेकवानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी, लक्ष्मणदास नाथानी, पुरषोत्तम मूलानी सहित सेवा दल के भाई - बहनों द्वारा की गई । इस दौरान शहर के समाजसेवी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक विशेष रुप से उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील व जिला सागर**

**आम सूचना**

रा.प्र.क्र. 2494/अ-6/2021-22

मौजाः-तिलीमाफी

1. बिहारीलाल रैकवार पिता दामोदर रैकवार निवासी तिलकगंज वार्ड सागर तहसील व जिला सागर (म.प्र.)

...............आवेदक

बनाम

1. गोपाल प्रसाद पिता जगन्नाथ प्रसाद चौरसिया, 2. श्रीमति हीराबाई बेवा जगन्नाथ प्रसाद चौरसिया, 3. श्रीमति द्रोपती बाई, 4. श्रीमति मुन्नीबाई उर्फ कलीबाई, 5. श्रीमति गुड्डी बाई सभी पुत्रियां जगन्नाथ प्रसाद चौरतिया सभी निवासी तिली वार्ड सागर तहसील व जिला सागर (म.प्र.)

...............अनावेदकगण

जरिये सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बिहारीलाल रैकवार पिता दामोदर रैकवार निवासी तिलकगंज वार्ड सागर तहसील व जिला सागर द्वारा मौजा तिलीमाफी पटवारी ह.न. 63 स्थित भूमि ख.न. 125/4, 138/3 मे से रकवा 1080 वर्गफुट भूमि का पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 14/06/1994 के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन सहदस्तावजों सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध मे आपको कोई आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 18/10/2023 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। बाद सूचना उपस्थित न होने पर आप अनावेदकगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 22/9/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक- 18/10/23 — **तहसीलदार**
जारी दिनांक- 22/9/23 — **सागर नगर**

# काला तालाब पर आष्टा युवा संगठन द्वारा सफाई अभियान चलाया गया



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के काला तालाब में गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद अधिक मात्रा में पूजन सामग्री एवम कचरा तालाब में एकत्रित हो गया था। आज आष्टा युवा संगठन के द्वारा रविवार को पार्क और तालाब का सफाई अभियान चलाएगा सारा कचरा एवम पूजन सामग्री को बहार निकाला गया,आज अभियान में युवा साथियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह जी मेवाड़ा,नगर पालिका सीएमओ राजेश सक्सेना ,पार्षद रवि शर्मा महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने भी श्रम कर पूर्ण सहयोग किया।

इस अवसर पर आष्टा युवा संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी,रवि कुशवाह, विशाल राठौर, अनिकेत कुशवाह, अरविंद मेवाड़ा, आनंद शर्मा, सोनू डूमाने, मुकेश मेवाड़ा, दीपक मेवाड़ा, पहलाद कुशवाह, पंकज गोस्वामी, खुशिलाल कुशवाह, पंकज मेवाड़ा, सेवकराम कुशवाह, राजा वर्मा, वाड़ के दरोगा राजेश सांगते उपस्थित थे।

# पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं पर घटित अपराधों को संवेदनशीलता से लेते हुये इन मामलों में त्वरित कार्यवाही कर इनके अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अपहरण व उससे दुष्कर्म के मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29 सितंबर 2023 को पीडिता के पिता द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के दिनांक 28-29 सितंबर 2023 की मध्यरात्रि में कहीं चले जाने की रिपोर्ट गुना कोतवाली में दर्ज कराई गई थी, जिसकी रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 818/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण की नाबालिग अपहृता की सघनता से तलाश की गई और विगत दिनांक 06 अक्टूबर 2023 को अपहृता को इंदौर से दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। अपहृत नाबालिग बालिका द्वारा दस्तयाबी पर अपने कथनों में बताया था कि गुना की सांईसिटी कॉलोनी निवासी जितेन्द्र पुत्र रामबाबू ओझा उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जिसने उसकी मर्जी के बिना उसके साथ कई बार जबरदस्ती गलत काम किया गया, जिसके कथनों के आधार पर आरोपी जितेन्द्र ओझा के विरूद्ध प्रकरण में धारा 376 भादवि एवं 3/4 पोक्सो एक्ट इजाफा की गई एवं गुना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी जितेन्द्र ओझा की तलाश में सघन दविशें दीं गईं और आज दिनांक 08 अक्टूबर 2023 को आरोपी जितेन्द्र ओझा के जज्जी बसस्टेंड पर होने की मुखबिर से मिली सूचना पर गुना कोतवोली पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपी जितेन्द्र पुत्र रामबाबू ओझा उम्र 22 साल निवासी सांई सिटी कॉलोनी, गुना को जज्जी बसस्टेंड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक रविनंदन शर्मा, उपनिरीक्षक अंजली गुप्ता, उपनिरीक्षक माधवी तोमर, आरक्षक धीरेन्द्र गुर्जर, आरक्षक संजय जाट, आरक्षक विनीत शर्मा एवं महिला आरक्षक प्रगति राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

## कायस्थ समाज के वरिष्ठ सुरेंद्र नाथ हजेला का निधन

**आष्टा, देशबन्धु।** स्वास्थ विभाग में सेवारत रहकर सेवा निवृत हुए सुरेंद्र नाथ हजेला लम्बे समय तक सरकारी अस्पताल मे सेवारत रहे सेवानिवृति के बाद आष्टा में ही निवास कर रहे थे। स्वास्थ्य खराब होने से उनका निधन हो गया। हजेला अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर गए। उनके बड़े पुत्र डॉक्टर संजय हजेला ने मुखाग्नि दी उनके दो अन्य भाई प्रशांत और सुबोध हजेला के साथ पूरा परिवार मौजूद रहा। श्री हजेला की अंतिम यात्रा में नगर के गण मान्य नागरिक समाज जन उपस्थित रहे। विश्राम घाट पर शोक सभा में गणेश कुमार माथुर ने बताया कि सुरेंद्र नाथ हजेला कायस्थ समाज के सबसे वरिष्ठ व्यक्तित्व थे उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है!

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी उपखण्ड बल्देवगढ जिला टीकमगढ़ म.प्र.**

रा.प्र. क्रमांकः 0127 / बी 121/2023-24 दिनांक- 13.09.2023

**आम इस्तह**एतद् द्वारा सर्वसाधरण ग्राम वासियान ग्राम बार को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुजारी श्री रोहित तनय दयाराम बिदुआ निवासी बार तहसील बल्देवगढ जिला टीकमगढ द्वारा ग्राम बार में स्थित प्राचीन राम जानकी नरसिंह मंदिर के पुजारी की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ उजरदारी हो तो वह नियत दिनांक 13.10.2023 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति न्यायालय में स्वयं /अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत करें।

म्याद गुजरने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**उपखण्ड बल्देवगढ़**
**जिला टीकमगढ़ म.प्र.**

# महेन्द्र सागर तालाब में 2 युवतियों के शव मिलने से फैली सनसनी





**टीकमगढ़ देशबन्धु।** बीते कुछ दिनों से लगातार महेंद्र सागर तालाब और वृंदावन तालाब से लाशों का मिलना कुछ अजीब सा लगने लगा है। शहर का माहौल खबर सुनकर सन हो गया। पिछले दिनों में पहली लाश बड़ा तालाब में मिली, दूसरी लाश वृंदावन तालाब में रितेश बंशकार की मिली। चौथी लाश बृजेश कडा की मिली। अब एक साथ दो लाशें महेंद्र सागर तालाब पर मिलने से शहर के हर कोने में यही चर्चा सुनने को मिलती है कि इससे पहले एक सप्ताह में इतनी लाशें कभी नहीं मिली। जितनी सिर्फइस सप्ताह के अंदर मिलीं। बड़े तालाब पर जब लावारिस मोबाइल व चप्पल रखी होने की सूचना कोतवाली को मिली, तो कोतवाली टीआई आनंद राज तालाब पर पहुंचे। एनडीआरएफकी टीम को सूचित किया। गोताखोरों की मदद से पहले एक युवती की लाश मिली, लेकिन इसमें टीआई आनंद राज को कुछ संदेह हुआ, क्योंकि वहां पर रखी हुई चप्पल और मोबाइल से यह स्पष्ट नहीं हो रहा था कि चप्पल और मोबाइल किसका है। क्योंकि पहले जो बॉडी मिली उसने जूते पहने हुए थे फ्रि क्या आनंद राज ने गोताखोरों की टीम लगातार प्रयास करती रही और फ्रि उन्होंने एक और युवती की लाश तालाब से निकाली। टीआई आनंद राज का तजुर्बा जब कारगर साबित हुआ कि जिसकी चप्पल रखी थी उसकी बॉडी कहा है क्योंकि जो बॉडी मिली उसने जूते पहने हुए थे और टीआई आनंद राज की सूझबूझ से दूसरी बाड़ी भी पुलिस को मिल गई। पुलिस ने स्पष्ट नहीं किया कि किन कारणों की बजह से यह खुदकुशी है या मामला कुछ और है। अभी दोनों शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अभी जांच जारी है। पीएम के बाद ही पता चलेगा कि युवतियां कौन है, कहां की हैं। फ्लिहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# सोने की चेन बल पूर्वक छीनकर ले गये आरोपी



**टीकमगढ, देशबन्धु।** टीकमगढ की श्रीमति सरोज पत्नी स्व. वीरेंद्र कुमार जैन उम्र 72 साल नि. बानपुर दरवाजा टीकमगढ़ ने थाना कोतवाली मैं में रिपोर्ट किया कि वह जैन समाज के जुलूस में शामिल होने घर से निकली थी। तब बानपुर दरवाजा निवासी चक्रेश जैन के घर के सामने चबूतरे पर बैठी थी, तभी पोस्ट आफ्सि तरफसे दो लडके मोटरसाइकिल से आये जो फ्रियादिया की सोने की चौन मय पेंण्डल सहित बजनी 2 तोला कीमती करीबन एक लाख रूपये की बल पूर्वक छीनकर ले गये। जिस पर थाना कोतवाली में अप.क्र. 803/23 धारा 392 ताहि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आनंद राज के नेतृत्व में उक्त घटना के खुलासे एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एक टीम गठित की गई उक्त टीम के द्वारा विवेचना में पाया कि आरोपी शिवम तिवारी पिता आदित्य नारायण तिवारी उम्र 34 साल एवं पुष्पेंद्र प्रजापति पिता भरोसे प्रजापति दौनों निवासी नई बस्ती ललितपुर द्वारा घटना घटित की गई थी। टीम द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार करने हेतु इनके मिलने के संभावित स्थानों पर छापामार कार्यवाही की गई। आरोपी शिवम पिता आदित्य नारायण तिवारी को लूटी गई सोने की चौन एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल होण्डा कंपनी के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में 'उनि. चंदनसिह, उनि मयंक नगायच, सतीश शर्मा, तरवेज अली, कैलाश, बृजकिशोर, राहुल पटैरिया, रहमान, आशीष भटट, मनोज नायक, मुकेश, अरविंद, अनिल, हरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी, चुनाव आचार संहिता लागू



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवधेष शर्मा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर निर्वाचन कार्यक्रम और जिले में की गई चुनाव तैयारी की जानकारी दी।

प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने चर्चा के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा के आम निर्वाचन का कार्यक्रम आज घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 21 नवम्बर, नाम निर्देषन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, नाम निर्देषन की संवीक्षा की तिथि 31, नाम निर्देषन वापसी की तिथि 2 नवम्बर, मतदान की तिथि 17 नवम्बर तथा मतगणना की तिथि 3 दिसम्बर 2023 घोषित किया गया है। टीकमगढ़ जिले से तीन विधानसभा क्षेत्र 43-टीकमगढ़, 44- जतारा (अ.जा.) 47- खरगापुर के लिये निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन किया जा रहा है। टीकमगढ़ जिले की मोहनगढ़ तहसील का पूरा हिस्सा एवं दिगौड़ा तहसील कुछ हिस्सा 45- पृथ्वीपुर विधानसभा के अंतर्गत आता है। आयोग के निर्देशानुसार 45- पृथ्वीपुर के लिये निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निवाड़ी जिले से किया जाना है। इसी प्रकार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को किया गया है। जिले में कुल 696809 मतदाता है, जिसमें 364178 पुरूष, 332623 महिला 08 थर्ड जेण्डर है। कुल 415 सर्विस वोटर्स भी जिले के अंतर्गत दर्ज है। विगत आम निर्वाचन 2018 की तुलना में 84855 मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जिले की आबादी एवं मतदाता का अनुपात (ई.पी.रेशों) 65.26 है। महिला, पुरुष का लिंगानुपात 913 है। प्रारूप प्रकाशन दिनांक 2 अगस्त 2023 की स्थिति में 680922 मतदाता थे। इस प्रकार प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन की अवधि में 15887 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिले में 18-19 आयु वर्ग के 24308 मतदाता दर्ज किये गये है वह पहली बार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का उपयोग करेगें।

टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र-43 में 117550 पुरूष, 108062 महिला, 3 अन्य इस प्रकार कुल 225615 मतदाता हैं। जतारा (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र-44 में 115055 पुरूष, 106009 महिला, 3 अन्य इस प्रकार कुल 221067 मतदाता हैं। इसी प्रकार 47-खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में 131573 पुरूष तथा 118552 महिला, 2 अन्य इस प्रकार कुल 250127 मतदाता हैं। इसी प्रकार जिले में कुल 808 मतदान केन्द्र 670 लोकेषन पर स्थापित किये गये हैं। इन 808 मतदान केन्द्रों में 146 शहरी क्षेत्रों में एवं 662 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैं। 43-टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 224 मतदान केन्द्र लोकेषन 224, शहरी मतदान केन्द्र 88 तथा ग्रामीण मतदान केन्द्र 177 कुल 265 मतदान केन्द्र हैं। 44-जतारा (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र में 220 मतदान केन्द्र लोकेषन, 25 शहरी मतदान केन्द्र, ग्रामीण मतदान केन्द्र 231 कुल 265 मतदान केन्द्र हैं। इसी प्रकार 47-खरगापुर विधानसभा क्षेत्र 226 मतदान केन्द्र लोकेषन, 33 शहरी मतदान केन्द्र, 254 ग्रामीण मतदान केन्द्र कुल 287 मतदान केन्द्र हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये कानून में प्रावधानित विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत अभी तक कुल 19232 प्रकरणों में 29007 व्यक्तियों को प्रतिबंधित करते हुये 15561 व्यक्तियों को बाउण्ड ओव्हर कराया गया है 8014 के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुये इन्हें भी शीघ्र प्रतिबंधित किया जावेगा साथ ही पुलिस के द्वारा जिले के 140 फ्रार ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिन पर कुल 436000/- रुपये का ईनाम घोषित या साथ ही 383 स्थाई वारंटी व 2908 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 के परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा आश्वस्त किया कि मतदाता प्रक्रिया में कोई भी व्यक्ति या समूह कानून का उल्पगंधन करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी, यह प्रक्रिया निरंतर जारी रखी जायेगी। सघन एवं मुस्तैदी से चैकिंग के दौरान प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही करते हुये 13155 लीटर अवैध शराब जिसकी कीमत करीब 3504253 रूपये 321.98 किलो अवैध गांजा कीमत करीब 2578480 मय परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट डिजायर 65 अवैध हथियार जप्त करने में सफ्लता पायी है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। चुनाव उद्घोषणा के साथ ही सभी 35 अंतर्राज्यीय वार्डर चौक पोस्ट, 18 अन्तर जिला चौक पोस्ट एवं विभिन्न स्थानों पर समुचित सुरक्षा संबंधी व्यवस्थायें की गई है। साथ ही निकटवर्ती राज्य के जिलो से भी सतत संपर्क रखते हुये सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा रहा है एवं समय-समय पर संयुक्त चौकिंग अभियान भी किया जायेगा। इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत जिले में 4032 सुरक्षा बल तैनात किये जाएंगे साथ ही जिले में करीब 163 पुलिस मोबाईल टीम भ्रमण करेगी। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने अवगत कराया कि जिले में सघन निगरानी जारी है तथा संदेहात्मक व्यक्ति पर विशेष नजर रखते हुये ऐसे व्यक्ति जो चुनाव के दौरान व्यवधान उत्पन्न कर सकते है उनके विषय मे गोपनीय जारकारियों एकत्र की जा रही है। साथ ही उन्हें चिन्हित कर लाल कार्ड देकर आगाह किया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति जो व्यवधान उत्पन्न करने वालो का साथ देंगे उन्हें भी चिन्हित कर पीला कार्ड देकर सचेत किया जा रहा है। जाम नागरिकों से ऐसे व्यक्तियों की सूचना देने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान हेतु हरा कार्ड देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। अंतर्राज्यीय सीमा पर आवागमन की जानकारी प्राप्त करने एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल लगाया जाएगा। यहां तक कि लिंक रोड पर भी सुरक्षा बल तैनात रहेगा। जो सतत् रूप से निरीक्षण करता रहेगा। पुलिस अधीक्षक श्री काषवानी द्वारा सदन में महत्वपूर्ण मोबाईल नम्बर पुलिस कन्ट्रोल रूम 7049128854, 7049129476 को दिया गया, निर्वाचन प्रक्रिया की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सभी अधिकारियो के मोबाईल का प्रचार करने हेतु विश्वास पर्चियो का वितरण किया जायेगा तथा सुरक्षा संबंधी बनाए गये कन्ट्रोल रूम के नंबर से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, डिप्टी कलेकटर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शेफाली तिवारी सहित संबंधित अधिकारीगण तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता लागू होते ही निकाला फ्लैग मार्च



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस विभाग सक्रिय भूमिका में नजर आने लगा है। जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और आपसी तालमेल बना रहे जिसके चलते आज आज पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी के नेतत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया जो टीकमगढ़ शहर के विभिन्न चौराहों से निकाला गया। जिसका उदेश्य अपराधियों में पुलिस का भय और जनता में विश्वास कायम रखना हैं।

## नगर में प्रशासन हुआ सख्त




**पलेरा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय नगर में नगर परिषद प्रशासन राजनैतिक दलों से जुड़े बैनर-पोस्टर उतारने में जुट गया। नगर के मुख्य मार्गों एवं वार्डों में रोड पर लगे अधिकांश नेताओं के होर्डिंग उतार दिए गए। अन्य मार्गों पर भी राजनैतिक प्रचार सामग्रियों को उतारने का काम नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा जारी रहा। पिछले दो महीने से नगर में चल रही विशेष राजनीतिक गतिविधियों की वजह से सड़कों के किनारे होर्डिंग, विद्युत विभाग के खंबो पर पोस्टर, बैनर और राजनीतिक दलों के झंडों की बाढ़ सी आ गई थी। तमाम राजनीतिक दलों ने दीवारों को भी रंग दिया है। सोमवार को चुनाव आचार संहिता लगने से पहले ही नगर परिषद ने कर्मचारियों की टीम गठित कर राजनैतिक दलों से जुड़े बैनर, पोस्टर उतारने का काम शुरू कर दिया। दोपहर बाद आचार संहिता लागू होने की खबर आते ही इसमें तेजी बरती गई। शाम तक स्थानीय नगर के सभी मार्गों से प्रचार सामग्री हटाई नहीं जा सकी थी। नगर परिषद के कर्मचारी राजकुमार खरे ने बताया कि सोमवार शाम तक नगर के सभी जगहों पर लगे होर्डिंग, बैनर हटवा दिए जाएंगे। जिन लोगों ने छत पर होर्डिंग लगाया है अगर वह खुद नहीं हटाते हैं तो उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

# जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को विधानसभा निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवधेश शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी की उपस्थित में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा के आम निर्वाचन का कार्यक्रम आज घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 21 नवम्बर, नाम निर्देषन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, नाम निर्देषन की संवीक्षा की तिथि 31, नाम निर्देषन वापसी की तिथि 2 नवम्बर, मतदान की तिथि 17 नवम्बर तथा मतगणना की तिथि 3 दिसम्बर 2023 घोषित किया गया है। इसके साथ ही बैठक में राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994, जिला स्तर पर निर्धारित रेटचार्ट, प्रचार प्रसार हेतु निर्धारित की गई ईव्हीएम की सूची, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 की प्रति, समाचार पत्र, चैंनल में विज्ञापन हेतु निर्धारित दरों की प्रति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, एसडीएम जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, डिप्टी कलेकटर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शेफाली तिवारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बृजेन्द्र प्रताप पर भाजपा ने फिर जताया भरोसा, पन्ना विधानसभा से दिया टिकिट



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने प्रत्याशियो की चौथी सूची जारी की है। जिसमे 57 विधानसभा क्षेत्रो मे प्रत्याशी घोषित किये गये है। उक्त विधानसभा प्रत्याशीयो की सूची में पन्ना विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी के रूप मे वर्तमान विधायक तथा खनिज मंत्री रहे बृजेन्द्र प्रताप सिंह पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताते हुए पन्ना विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया है।

बृजेन्द्र प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित होते ही अटकलो का दौर खत्म हो गया है तथा बृजेन्द्र प्रताप सिंह ही पन्ना विधानसभा की ओर से चुनाव लडेगें, उनको प्रत्याशी घोषित किये जाने पर समर्थको तथा पार्टी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारीयो ने पटाखा फोडते हुए मिष्ठान का वितरण किया। ज्ञात हो कि पन्ना विधानसभा की तीन सीटो में अभी तक दो सीटो पर प्रत्याशी घोषित किये जा चुके है। जिसमे गुनौर विधानसभा से राजेश वर्मा तथा पन्ना विधानसभा से बृजेन्द्र प्रताप सिंह अभी पवई विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया जाना शेष है। पवई से प्रहलाद लोधी विधायक रहे है, आगे देखना है पार्टी द्वारा प्रहलाद को ही प्रत्याशी घोषित किया जाता है या फिर अन्य दावेदारो में से किसी एक को पवई विधानसभा से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। जिसमे सबसे प्रमुख नाम पिछडा वर्ग से रवीराज यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा संजय नगायच पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे है। इन्ही तीन नामो में से किसी एक को पार्टी द्वारा प्रत्याशी मनाया जा सकता है। लेकिन यह अभी भविष्य के गर्त मे है। भाजपा प्रदेश मे दौ सौ तीस विधानसभा सीटो मे एक सौ छत्तीस विधानसभाओं मे प्रत्याशी घांषित कर दिये है। जबकी वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी द्वारा अभी तक एक भी विधानसभा में प्रत्याशी की घोषणा नही की है। कांग्रेस पार्टी की सूची पन्द्रह अक्टूबर तक आने की संभावना जताई जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज खुलने से मांग हुई पूरी, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का मंत्री ने जताया आभार



**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले की बहु प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज की मांग को हरी झंडी दे दी है। उक्त बात मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। श्री सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखी है और आगे भी जिले के विकास में कोई कमी आने नहीं दूंगा। सिंह ने कहा कि मेरा उद्देश्य पन्ना का चौमुखी विकास है और पन्ना पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़े जिससे रोजगार के अवसर पन्ना के लोगो प्रदान हो सके।

सिंह ने मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का आभार व्यक्त किया जिनके अथक प्रयासों से पन्ना में मेडिकल कॉलेज संभव हो पाया। सिंह ने कहा की पन्ना का बृहस्पति कुंड नागदा फाल से भी बढ़कर है इसलिए पन्ना पर्यटन दृष्टि से आगे बढ़े जिसके लिए मेरे प्रायसो से लगभग पांच करोड़ की लागत का कांच के पुल के निर्माण की स्वीकृति भी शासन से मिल गई है, जिसे बहुत जल्दी पूरा किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज खुलने से न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी होंगी बल्कि यहां चिकित्सा शिक्षा भी सुलभ रहेगा पन्ना में मेडिकल कॉलेज का खोला जाना संपूर्ण बुंदेलखंड की एक बहुत बड़ी सौगात है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी और जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे उपस्थित रहे।

### जानकारी और शिकायत पर पटेरा थाना प्रभारी क्यों बने मूक दर्शक

# जिले में खुलेआमबेची जा रही अवैध विस्फोटक सामग्री

**दमोह देशबन्धु।** कहा जाता है दमोह अजव गजव है इसकी वानगी देखिए कि जिले में अवैध मादक पदार्थ और विस्फोटक सामग्री का दिनदहाड़े व्यापार हो रहा है जबकि प्रशासन और पुलिस को अवगत कराने के बावजूद अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मामला जिले के पटेरा जनपद पंचायत का है जहां दुकानदारों द्वारा विस्फोटक के काम आने वाली सामग्री बिना लाइसेंस ग्राम पंचायतों को धड़ल्ले से बेची जा रही है, बिल भी दिये जा रहे हैं, बिल पास हो रहे हैं, बिल का पैसा भी खाते में आ रहा है और तो और इसकी शिकायत होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जो आम जनता की सुरक्षा के लिए कभी भी खतरा बन सकती है।

**आखिर किस काम के लिए खरीदी गयी विस्फोटक सामग्री:** पटेरा जनपद अंतर्गत कुछ ग्राम पंचायत में अनाधिकृत विक्रेताओं से विस्फोटक सामग्री खरीदने की शिकायत पटेरा थाना प्रभारी से लिखित में की गयी थी जिनमें पांडे ट्रेडर्स द्वारा ग्राम पंचायत बनगांव में कार्य संहिता क्रमांक 1711002028/आईएफ/22012034522949 कपिल धारा कूप हितैषी- मीराबाई-रामेश्वर पटेल में बिल क्रमांक 130 से ब्लास्टिंग फ्यूज 14 रु 51 पैसे की दर से 39.59 नग प्रदान किए गए। पांडे ट्रेडर्स द्वारा ग्राम पंचायत बनगांव में कार्य संहिता क्रमांक 1711002028/आईएफ/22012034522949 कपिल धारा कूप हितैषी- मीराबाई-रामेश्वर पटेल में बिल क्रमांक 130 से ब्लास्टिंग पावडर 52.49 रु की दर से 36.31 नग प्रदान किए गए। पटेल फेब्रीकेशन, पटेरा द्वारा ग्राम पंचायत बमनपुरा में कार्य संहिता क्रमांक 1711002049/आईएफ/22012034969657 कपिलधारा कूप केतार/प्रीतम बामनपुरा में बिल क्रमांक 130 से ब्लास्टिंग फ्यूज वायर 14.51 रु की दर से 85.12 नग प्रदान किए गए। पटेल फेब्रीकेशन द्वारा ग्राम पंचायत बमनपुरा में कार्य संहिता क्रमांक 1711002049/आईएफ/22012034969657 कपिलधारा कूप केतार/प्रीतम बामनपुरा में बिल क्रमांक 130 से ब्लास्टिंग पावडर 52.49 रु की दर से 78.06 नग प्रदान किए गए। पटेल स्टील फेब्रीकेशन एंड सर्विस द्वारा ग्राम पंचायत कुवंरपुर में कार्य संहिता क्रमांक 1711002049/डबल्यूसी/2201203505694 0 स्टोन ग्रेड वाल, शांतिधाम के नाले के पास, जमुनिया टांक में बिल क्रमांक 208 से ब्लास्टिंग पावडर 56 रु की दर से 78.06 नग प्रदान किए गए। पटेल स्टील फेब्रीकेशन एंड सर्विस द्वारा ग्राम पंचायत बमनपुरा में कार्य संहिता क्रमांक 1711002049/आईएफ/22012034980243 कपिलधारा तेजरानी/थम्मन बिल क्रमांक 209 से ब्लास्टिंग फ्यूज वायर 14.51 रु की दर से 77.54 नग प्रदान किए गए।

लेकिन पटेरा थाना प्रभारी द्वारा इन अवैध विस्फोटक विक्रेताओं और खरीददारों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी मात्रा में अवैध विस्फोटक किस उपयोग के लिए खरीदी गयी। ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व अवैध विस्फोटक का उपयोग करते हुए कुछ लोगों द्वारा एटीएम विस्फोट करके लूटने की घटनाएं सामने आयी थीं और अब इन अवैध विस्फोटक का उपयोग भी किसी अनहोनी घटना में उपयोग किये जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता लेकिन इतनी गंभीर घटना पर पटेरा थाना प्रभारी का मौन प्रश्न खडे कर रहा है?




# शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित, आदेश जारी

**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। विधानसभा निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम घोषित होने के फलस्वरुप जिला मजिस्ट्रेट एवं अनुज्ञापन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने आयुध अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद् द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान लोक शांति बनाये रखने के उद्देश्य से जिले के समस्त शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लाइसेंस को जिला स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर निलंबित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है ।जिला मजिस्ट्रेट एवं अनुज्ञापन अधिकारी अग्रवाल ने कहा है किसी व्यक्ति को उक्त के संबंध में आपत्ति या शस्त्र आवश्यकता है तो 15 दिवस से भीतर आवेदन स्क्रीनिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन 2023 प्रक्रिया के पूर्ण होने तक की अवधि के लिए न्यायाधीश गण एवं उनके सुरक्षाकर्मी के शस्त्र लाइसेंस, दमोह जिले में कार्यरत राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के शस्त्र लाइसेंस, जिले में चुनाव के दौरान तैनात किये जाने वाले जोनल, सेक्टर अधिकारियों के साथ लाइसेंस, वितरण संस्थाओं, अर्धशासकीय प्रतिष्ठानों में सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा कर्मचारियों के शस्त्र लाइसेंस, व्यवसायिक, सहकारी बैंक, निगमित निजी बैंकों में आदि में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों के शस्त्र लाइसेंस एवं नेशनल राइफल एसोसिएशन से संबंधित खिलाड़ियों के शस्त्र लाइसेंस आदि शस्त्र लाइसेंसधारियों को शस्त्र जमा करने से छूट प्रदान की है।

# वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों पर कार्रवाई



**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में जिले में अवैध किकेट सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है निरीक्षक हेमंत बरहैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बटियागढ़ द्वारा एवं सायबर सेल टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर चलती हुई टी0यू0 व्ही0 कार पर वर्ल्डकप भारत-आस्ट्रेलिया के क्रिकेट मैंच का सट्टा खिलाने की सूचना पर थाना प्रभारी बटियागढ़, टेक्नीकल टीम एवं विशेष टीम द्वारा भारत-आस्ट्रेलिया के मैच पर सट्टा खिला रहे आरोपी नीतेश बुटियानी, अविनाश गुप्ता, अंकित कोरी, निवासी जिला दमोह के आरोपियान को पकड़ा जिनके कब्जे से 03 मोबाईल, 01 फोर व्हीलर कार, नगद राशि आदि सामग्री भी जप्त की। सराहनीय कार्य करने वाले निरीक्षक हेमंत बरहैया, उप निरी0 शेष कुमार दुबे, सउनि बालमुकुन्द ठाकुर, थाना बटियागढ़, भानू उपाध्याय, महेश यादव, चन्द्रहास, तुलसीराम, आर0 विशाल सेनी, अमन, नरेन्द्र, रोहित, अरूण, पवन, भरत, आर0 (चा0) अरविन्द बरदिया सायबर सेल से कावा0 प्र0आर0 राकेश अठ्या, सौरभ टंडन, अजित दुवे, ।

# नपा के आउटसोर्स कर्मचारियों ने बकाया वेतन भुगतान न होने पर किया काम बंद



**दमोह देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद दमोह में कार्यरत कर्मचारियों का लंबित पूर्ण भुगतान न होने के कारण सभी शाखाओ ने काम बंद करने का कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आउटसोर्स के माध्यम से मेन पावर उपलब्ध कराए जाने हेतु टेंडर के अनुसार निकाय की स्वास्थ्य शाखा में विभिन्न कार्यों हेतु श्रमिक उपलब्ध कराए जाने आदेश जारी हुआ था। फर्म द्वारा निकाय को निरंतर मेन पावर उपलब्ध कराया गया लेकिन निकाय द्वारा आउटसोर्स कर्मचारीयों को वेतन भुगतान नहीं किया गया। फर्म द्वारा विगत आठ माह के बकाया वेतन में से चार माह का वेतन स्वयं के व्यय से वितरित किया परंतु निकाय द्वारा आज दिनांक तक कोई भुगतान फर्म को नहीं किया गया। इसके पूर्व भी पूर्ण भुगतान हेतु समय-समय पर पत्राचार और ज्ञापन के माध्यम से भुगतान की मांग की गई। ज्ञापन सौंपकर कहा कि जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक कर्मचारी काम बंद रखेंगे।

# अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक पप्पू ऊर्फसुरेश पिता दम्मू ऊर्फदामोदर रजक निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है, तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# सच्चा भक्त ही ईश्वर की कृपा पा सकता है: कम्लेश्वरानंद



**दमोह देशबन्धु।** नगर के बेलाताल टापू साईं बाबा मंदिर में पितृ पक्ष में पितरों की निमित्त चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस की बेला में कथा व्यास कम्लेश्वरानद महाराज ने भगवान की अन्य लीलाओं का वर्णन किया। महाराज प्रसंग को सुनते हुए उन्होंने भक्त और भगवान के मिलन की संबंध में बताया एक सच्चा भक्त ही ईश्वर कृपा पा सकता है गोपी कोई साधारण महिला नहीं थी सभी ऋषि मुनि एवं देवता कृष्ण अवतार से पहले गोपी बनाकर के ब्रजमंडल में आ गई थी प्रभु के साथ रहकर के उनके इस कार्य में सहायता की आगे कंस वध की लीला को सुनाया और कंस वध किया अस्ति और प्राप्ति जो कंस की रानियां थी उनके लिए भी समझाया कि आत्मा जो है वह अपने आप एक शरीर को छोड़कर के दूसरे शरीर में प्रवेश कर जाती है । आगे श्री कृष्ण और रुक्मिणी हक विवाह के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि जो द्वारकाधीश है वह कुंदनपुर पहुंचे रुक्मणी जी का हरण किया और द्वारिका लेकर के आए जैसे ही द्वारिका आए द्वारिका पुरी को सजाया गया और भगवान का विवाह रुक्मिणी से संपन्न हुआ।

# गंगा जमना हिजाब और धर्मान्तरण मामले में हिन्दू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** गंगा जमना के संचालकों द्वारा गंगा जमना स्कूल प्रवंधन के खिलाफ गवाही देने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को धमकाकर और लालच देकर व्यान पलटवाने का दवाब बनाने वालों पर और उक्त मामले में मुख्य आरोपियों को तीन माह बाद भी गिरफ्तार न कर पाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही एवं गवाही पलटने के लिए दवाब बनाने वालों पर एनआईए के तहत कार्यवाही की मांग का ज्ञापन केंद्रीय गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा । उक्त ज्ञापन में हिन्दू जागरण मंच के जिला सयोंजक कृष्णा तिवारी, सूर्यकांत दवेदी, श्रवण पाठक, दीपक नेमा, सत्यम चौरिसया, शिवम, विमल, विशाल, योगेश, हर्ष, मयंक, दीपेश, नितिन ठाकुर, प्रीमेन्द्र रावत, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद।

# जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू, मतदान 17 नवम्बर को



दमोह देशबन्धु। जैसे ही चुनाव की तारीख घोषित होती है उसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो जाती है, आज से यह आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है और चुनाव की प्रक्रिया 5 दिसंबर को पूरी हो जायेगी। 21 अक्टूबर अधिसूचना का दिन है, नामों की जांच स्कूटनी 31 अक्टूबर और नाम वापसी 2 नवंबर का दिन निर्धारित है, 17 नवंबर को वोटिंग होगी और 3 दिसंबर को मतगणना होगी और पूरी चुनाव प्रक्रिया 5 दिसंबर को पूरी हो जाएगी। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित मीडियाजन मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने कहा आदर्श आचरण संहिता में एक गाइडलाइन रहती है कि 24 घंटे के अंदर-अंदर जैसे ही लागू होती है, सरकारी कार्यालय में और जो भी सरकारी परिसर हैं वहां पर किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार न हो, 48 घंटे के अंदर-अंदर जो पब्लिक प्रॉपर्टीज है, वहां पर किसी भी प्रकार का विरूपण होता है, उसको हटाना रहता है और निजी प्रॉपर्टी में यदि बिना अनुमति के संपत्ति विरूपण वाली घटना है, उसे हटाना होता है। राजनीतिक दलों के लिए यदि कोई जुलूस या जलसा निकलना है, तो उनको परमिशन लेनी पड़ती है।


उन्होंने कहा आदर्श आचरण संहिता का मूल उद्देश्य यही है कि फ्री एण्ड फेयर इलेक्शन किया जा सके और किसी भी प्रकार से मतदाताओं को अनैतिक तरीके से दबाव न डाला जाये। जैसे ही नॉमिनेशन खत्म होते हैं और फाइनल लिस्ट आती है, तो एक प्रत्याशी 40 लाख रुपए तक का खर्च कर सकता है, इसको मेंटेन करना रजिस्टर में जरूरी होता है, उसकी ट्रेनिंग उन्हें पृथक से दी जाती है।

उन्होंने बताया जिले में कुल 9,68,960 मतदाता है जिसमें से पुरूष मतदाता 5,03,441 और महिला मतदाता 4,65,504 एवं 15 अन्य मतदाता शामिल है। ईपी का मानक रेशियों 64 होता है, जिले का ईपी रेशियो 66.80 है, लिंगानुपात 925 है, पीडब्ल्यूडी मतदाता की संख्या 5165 है और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 9,696 है। ऐसे मतदाता जो पीडब्ल्यूडी मार्क है या जिन मतदाताओं की आयु 80 वर्ष से अधिक है, उनसे 12 डी फार्म भरवाये जायेंगे, वे अपना फार्म आर.ओ. को दे सकते है। ऐसे मतदाताओं से मतदान घर से कराया जायेगा, इसका सर्वे चल रहा है।

उन्होंने कहा मतदान के लिए इपिक कार्ड होना एक दम आवश्यक नहीं है, यदि किसी व्यक्ति के पास इपिक कार्ड नहीं भी है तो 12 अन्य तरीके के दस्तावेज है जिसको ले जाकर मतदान किया जा सकता है। ये उचित पहचान पत्र रहते है, लोगों को जो मतदाता पर्ची मिलेंगी उसमें फोटो नहीं लगा रहता है, इसलिए फोटो युक्त एक पहचान पत्र जरूरी है। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस पासबुक, हेल्थ इंश्योरेस स्माई कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, पेंशन कार्ड फोटो सहित, राज्य या केन्द्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, फोटो युक्त पेशंन दस्तावेज, विधायकों, सांसदों को जारी किए सरकारी पहचान पत्र एवं विकलांगता फोटो सहित कार्ड का वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने कहा जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते है या जो अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की अशांति फैला सकते है ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है। लगातार उन पर कार्यवाही की जायेगी।

# शहर व जिले में होर्डिंग हटाने की कार्रवाई शुरू



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत विधानसभा 2023 की घोषणा उपरांत जिले के बेलाताल सहित विभिन्न क्षेत्रों पर फ्लेक्स/होर्डिंग हटाने की कार्यवाही की जा रही हैं। इस मौके पर सीएसपी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार मोहित जैन, टीआई कोतवाली विजय सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार महेंद्र प्रताप, पटवारी तखत सिंह, बृजेश पटेल,अभिनंदन, किशोर, अरविंद सिंह, जितेंद्र राय, नगरपालिका अमला, मौजूद रहे।

# आदर्श आचरण संहिता के तहत करें सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिले की सभी विधानसभाओं में गठित सम्पत्ति विरूपण दल के सदस्यों को आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण चौबीस घंटे में दर्ज कर निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित समस्त अनु विभागीय अधिकारी, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित थाना प्रभारी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने पर सर्व संबंधितों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सजगता ओर सतर्कता से करना होगा। खासकर शासकीय परिसम्पत्तियों में सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही बिना सूचना प्राप्ति के भी की जाए। किसी भी शासकीय कार्यालय की दीवार पर पोस्टर, लेखन न हो साथ ही किसी भी प्रकार के कटआउट, होर्डिंस न लगे हो, यदि किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो अविलम्ब कार्यवाही की जाए। सरकारी बसें, बिजली एवं टेलीफोन के खंबे, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड इत्यादि के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, झंडे कदापि न लगे हो, चुनाव की घोषणा के साथ ही सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का कठोरता से समय-सीमा में पालन कराया जाना सुनिश्चित हो। आयोग द्वारा उल्लेखित कार्यवाहियों को संपादित कराने के लिए समय सीमा तय की गई है, साथ-साथ निकाय क्षेत्रों में पूर्व से लगे राजनैतिक दलो के बैनर झंडो को 48 घंटे के भीतर जबकि निजी मकानों में अनाधिकृत रूप से राजनैतिक प्रचार से संबंधित विज्ञापन 72 घंटे के भीतर हटाने का कार्य पूर्ण करे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने निर्देश दिए की सभी थाना प्रभारी, राजस्व अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करें एवं आदर्श आचार संहिता का अक्षरश: पालन कराएं। उन्होंने निर्देश दिए की गाड़ियों पर लगे होने वाले हूटर अतिरिक्त लाइटें एवं नेम प्लेट को तत्काल हटाने की कार्रवाई करें एवं उन्हें जप्त करें।

### आदर्श आचरण संहिता के उपरांत कार्यवाहियां निश्चित समय सीमा में की जाएं

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने निर्देश दिए हैं कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के उपरांत जिले स्तर से की जाने वाली कार्यवाही एवं 24, 48 एवं 72 घंटे की कार्यवाही की रिपोर्ट के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता पर मैन्युअल एवं निर्देशों का अवलोकन करें। आदर्श आचरण संहिता के अवधि के दौरान मंत्रियों, राजनेताओं या राजनैतिक दलों के फोटोग्राफ्स, उनके संदर्भों, प्रसंगों राज्य, केन्द्रीय को की सरकार अधिकारिक वेबसाईटों से हटाने संबंधी कार्यवाही की जाए। शिकायत अनुवीक्षण प्रणाली एवं नियंत्रण कक्ष 24 घंटे के अंदर क्रियाशील, 24 घंटे कंट्रोल रूम क्रियाशील रहना चाहिए तथा ड्यूटी रोस्टर जारी किया जाना चाहिए। शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष दल गठित किया जाए तथा उनका निराकरण निर्धारित समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। मैन्युअल में दिए निर्देशों, आयोग के निर्देशों के अनुसार कार्यवाहियां करने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए।

## दो बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में चार लोग हुए घायल

**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा रोड पर आमने सामने से दो बाइक आपस में टकराने से बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीना के खिमलासा रोड़ पर स्थित अयोध्यापुरी कॉलोनी के सामने अनिकेत पिता राजेंद्र लोधी 18 निवासी मंडीबामोरा, शिवकांत पिता मलखान लोधी 20 निवासी कठाई, गंगाराम पिता गोपीलाल कौशिक 70 निवासी खिमलासा, नीलेश पिता शंकर बरोलिया 30 निवासी शर्मा कॉलोनी की बाइक आपस में टकराने से चारों को चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को मौके से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नीलेश को चोटें ज्यादा होने पर उसे जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीना की ओर से जा रहे बाइक सवार बहुत तेज गति से थे और वह सामने से आ रही बाइक से टकरा गए, जिसमें बाइक सवार चार लोग घायल हो गए तो वहीं बाइक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सार-समाचार



**सागर, देशबन्धु।** जब भगवान की आप पर कृपा दृष्टि होती है तभी भागवत कथा श्रवण का पूणय लाभ मनुष्य को प्राप्त होता है। यह उदगार पं. अतुल प्रेम महाराज ने कृष्णगंज वार्ड अखाड़ा परिसर में चल रही भागवत कथा में बोलते हुए व्यक्त किया उन्होंने कहा कि कथा सुनने जाने का विचार मन में आना ही ईश्वर की कृपा होती है यहां बैठकर कथा सुना सबसे श्रेष्ठ सत्संग है।

### कृष्ण की बाल लीलाओं के श्रवण से प्राप्त होती है लड्डू गोपाल की कृपा: शिशुपाल



**सागर, देशबन्धु।** काग के भाग बड़े सजनी हरि हाथ से ले गए माखन रोटी जो भी श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन श्रवण करते हैं उन्हें ठाकुर जी अर्थात लड्डू गोपाल की कृपा प्राप्त होती है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी प्रांगण में हनुमान मंदिर में पांचवें दिन की की भागवत कथा में बोलते हुए श्री धाम वृंदावन से पधारे पं. शिशुपाल ने कही। उन्होंने गर्गाचार्य द्वारा नामकरण भगवान द्वारा मुख में बैकुंठ का दर्शन अपनी मां को कराने शालिग्राम को मुख में रख लेने व बछड़ों को गायों का दूध पिलाने बाल गोपाल का दाल बनाने बंदरों को माखन खिलाने कौये द्वारा रोटी छोड़ ले जाने और उखल से बधने पर कुबेर पुत्रों की मुक्ति और ललिता सखी की शिकवा शिकायत ऑन का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया यह कथा जन सहयोग से की जा रही है। व्यवस्थापक पं.अनिल शास्त्री हैं।

### 2 डेयरी के 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया



**सागर, देशबन्धु।** सोमवार को निगमायुक्त के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। रविशंकर वार्ड स्थित सुरेश घोषी की डेयरी के 14 पशु विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट किये एवं मोहननगर वार्ड स्थित पुरुषोत्तम साहू के 10 पशुओं को बम्होरी शिफ्ट किया गया नगर निगम के वाहन द्वारा कुल 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### आचार संहिता लगते ही प्रशासन उतरा सड़कों पर संपत्ति विरुपण की कार्रवाई



**बण्डा, देशबन्धु।** आचार संहिता लगते ही स्थानीय प्रशासन सडक पर उतरा और कलेक्टर एवं जिला जिला निर्वाचन दीपक कार्य के निर्देश पर बण्डा अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटेनिंग अधिकारी संदीप सिंह ने आदर्श आचार्य संहिता लागू होते ही सड़क पर उतरकर शासकीय संपत्ति पर दीवार लेखन, होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पेंटिंग आदि हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम श्री सिंह ने सबसे पहले तहसीली में लगे राजनैतिक पत्थर को बंद कराया इसके बाद अपनी सेक्टर अधिकारियों के नगर में घूमकर संपत्ति विरुपण की कार्रवाई की। कार्रवाई में तहसीलदार ज्ञानचंद राय, सीएमओ पीडी पाठक, थाना प्रभारी नसीर अहमद फारुकी, पटवारी प्रमोद जैन, आरआई थान सिंह सहित शासन प्रशासन अमला मौजूद रहा।

**पितृपुरुषों की स्मृति में किया सम्मान समारोह**

## बहुत संघर्ष और साधना के मार्ग से गुजरना पडता है महापुरुष बनने के लिए: तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** अ.भा. महिला काव्य मंच की सागर इकाई द्वारा सरस्वती वाचनालय के सभागार में संस्था के द्वितीय वार्षिक सम्मान पर्व को उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समाज को अपनी साहित्य साधना और कला से महत्वपूर्ण अवदान देने वाले दो पितृ पुरुषों आचार्य नंददुलारे वाजपेयी एवं कलागुरु विष्णु पाठक की स्मृति में आयोजित इस सम्मान समारोह में वर्तमान में उसी क्षेत्र की दो जानी मानी विभूतियों डॉ. लोकनाथ मिश्र तथा शिवरतन यादव को सम्मानित किया गया। 70 वर्ष की वय पूर्ण कर चुके दोनों वरिष्ठजनों का मंचासीन अतिथियों, आयोजक संस्था महिला काव्य मंच, श्यामलम् के अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र एवं पाठक मंच के केंद्र संयोजक आरके तिवारी, स्वर संगम संस्था के अध्यक्ष हरिसिंह ठाकुर और साहित्यकार लक्ष्मी नारायण चौरसिया द्वारा शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. इला तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे बुजुर्गों ने आजादी के बाद आने वाली हमारी पीढियों का सदा मार्गदर्शन किया है और भावी पीढी को भी समाज और संस्कृति से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साहित्यकार, अनुवादक डॉ. चंचला दवे ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने वक्तव्य में महिला काव्य मंच के कार्यों और प्रयासों की प्रशंसा की, साथ ही उन्होंने आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी के साहित्यिक कर्म पर प्रकाश डाला। विष्णु पाठक कलाविद् सम्मान से विभूषित पं. शिवरतन यादव द्वारा बुंदेली कवि माधव शुक्ल मनोज की कविता अ अनार को मोरी बिटिया के मधुर मार्मिक गान ने श्रोताओं को भाव विह्वल कर दिया। आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी साहित्य सम्मान से विभूषित लोकनाथ मिश्र ने अपने गुरुजनों का स्मरण करते हुए बताया कि 10 वर्ष की आयु में वो बलभद्र तिवारी के साथ आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी के घर गये थे उनसे मिलने और आज मां सरस्वती की कृपा से ही वो साहित्य और लोककलाओं के लिये काफी कुछ कर पा रहे हैं। सरस्वती वाचनालय के संस्थापक शुकदेव प्रसाद तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह बहुत सुखद अवसर है जब महिला काव्य मंच द्वारा हमारे शहर की दो महत्वपूर्ण हस्तियों का सम्मान किया गया, महापुरुष बहुत मेहनत से बनते हैं, बहुत संघर्ष और साधना के मार्ग से गुजरना पडता है महापुरुष बनने के लिये।

युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्गो से सीखना चाहिये, आप लोग भी बहुत मेहनत कीजिये और समाज के लिये भी योगदान दे सके ऐसा बनिये। संचालन मनीषा पटेरिया ने किया, स्वागत वक्तव्य प्रो. अंजना चतुर्वेदी तिवारी ने दिया तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुजाता मिश्र द्वारा किया गया।

## संपत्ति विरूपण की निगरानी हेतु वार्ड वार 7 दल गठित किये गये



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निदेशानुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 23 के दौरान संपत्ति विरूपण की रोकथाम हेतु वार्ड वार 7 दल गठित कर संपत्ति विरूपण के रोकथाम की जिम्मेवारी सौपी गई है। समस्त दल प्रभारी सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे तथा आवश्यकता अनुसार संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों से सामंजस्य बनाये रखेंगे ताकि कार्य में व्यवधान आने पर संबंधित थाना प्रभारी की सहायता लेंगे। दल के पास संपत्ति विरूपण कि रोकथाम हेतु सभी आवश्यक सामग्री जैसे गैरू, चूना, कुची, बांस, सीढी उपलब्ध होगी तथा कार्य हेतु पर्याप्त मजदूर भी साथ रहेंगे। दल अपने-अपने क्षेत्र में स्थित शासकीय, सावजनिक या निजी संपत्ति पर अनधिकृत रूप से लगाई गई प्रचार सामग्री पर दल निगरानी रखेंगे, संपत्तियो पर चुनाव प्रचार लिखने अथवा चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री को भवन पर चश्पा करने पर दल उसकी वीडियोग्राफी करायेगे तथा तत्काल प्रचार सामग्री हटाना सुनिश्चित करेंगे, विद्युत पोल, टेलीफोन के खंबो पर पोस्टर, बैनर, झंडा आदि लगाए जाने पर उसे तत्काल हटाएंगे तथा प्रतिदिन संपत्ति विरूपण की रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी निगम कार्यालय में देंगे। दल क्र.1 के प्रभारी अधिकारी प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु, क्र .2 के प्रभारी राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, क्र. 3 के प्रभारी उपयंत्री बबलेश कुमार, क्र. 4 के प्रभारी उप यंत्री राजकुमार साहू, क्र. 5 के प्रभारी उप यंत्री संयम चतुर्वेदी, क्र. 6 के प्रभारी उप यंत्री दिनकर शर्मा तथा दल क्र. 7 के प्रभारी उपयंत्री महादेव सोनी को बनाया गया है, सभी गठित किए गए दलों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की जावेगी।

### राजनैतिक दल के प्रतिनिधि आदर्श आचरण संहिता के पालन में सहयोग करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जानकारी दी किए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा के आम निर्वाचन का कार्यक्रम सोमवार को घोषित कर दिया गया है तथा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 21 अक्टूबर, नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि 31 अक्टूबर, नाम निर्देशन वापसी की तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर तथा मतगणना की तिथि 3 दिसंबर रहेगी। उन्होंने समस्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आदर्श आचरण संहिता का पालन करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त राजनीतिक दल प्रचार प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए आवश्यक अनुमतियां लेने के पश्चात ही आगे की कार्रवाई करें और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोगी बनें। बैठक में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित विभिन्न अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## आत्मनिर्भरता एक श्रेष्ठ गुण है जिसका आधार आत्मविश्वास है: डॉ. प्रतिभा तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद विवि एवं भारतीय स्त्री शक्ति मप्र के सयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण कौशल विकास योजना के अन्तर्गत आत्मनिर्भर अभियान को दृष्टिगत करते हुए भगवानगंज वार्ड के सामुदायिक भवन में नि:शुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा नि:शुल्क प्रशिक्षण शिवरों का आयोजन करने का ध्येय महिलाओं को हर तरह से स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर बनाना है। क्योंकि इसमें परिवार के लिए मद्द की भावना शामिल है। आत्मनिर्भरता एक श्रेष्ठ गुण है जिसका आधार आत्मविश्वास है। आत्मनिर्भर होना परिवार एवं समाज के लिए अपने जीवन में सर्वागीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र हैं। स्वावलंबभी जीवन हमे आत्म सम्मान दिलाता है। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि आत्मविश्वास की भावना आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। आत्मविश्वास ही हमारी प्रगृति का आधार होता है और आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर होने के साथ आ जाता हैं। मैं डॉ. प्रतिभा तिवारी के इस कार्य की सराहना करती हूं कि वे सागर नगर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह के नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक शैलवाला बैरागी, ज्योति गौतम, सुमन तिवारी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मौजूदा तीन मंत्रियों और दो विधायक पर विश्वास जता भाजपा ने दिए टिकिट



**सागर, देशबन्धु।** तमाम अटकलों को नकारते हुये, भाजपा ने उम्मीदवारों के टिकिट काटने का जोखिम न उठाते हुए चौथी लिस्ट में मंत्रियों और विधायकों को उम्मीदवार घोषित कर ही दिया। जिले के तीनों मंत्री पं. गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह और गोविंद सिंह राजपूत तथा तीन-तीन बार के विधायक शैलेन्द्र जैन और प्रदीप लारिया को फिर उम्मीदवार बनाया गया है। अब तक जिले की 8 से 7 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार घोषित किए जा चुके है। सिर्फ बीना से महेश राय के भविष्य को लेकर ही संशय के बरकरार है। बाकी बदलाव की बयार अब खत्म हो चुकी है। मप्र के सबसे वरिष्ठ मंत्री और विधायक, पूर्व मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब 9 वीं बार रहली से उम्मीदवार है। पं. गोपाल भार्गव ने कभी सीट नहीं बदली न कभी गेप हुआ। वे अनवत रहली प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश में अपनी अलग छाप बनाए हुए है। भूपेन्द्र सिंह ठाकुर 2023 में पॉचवीं बार विधायक उम्मीदवार बने है। 2009 में लोकसभा के लिए भी चुने गए। भूपेन्द्र सिंह ने अपने प्रथम दो चुनाव 1993 एवं 1998 में सुरखी से जीते फिर अगले दो चुनाव 2003 और 2008 में क्रमश: सुरखी और खुरई से पराजित हुए। फिर दो चुनाव 2013 और 2018 में खुरई से जीते। अब 2023 में खुरई से पॉचवीं बार विधायक उम्मीदवार है। गोविंद सिंह राजपूत सुरखी में चार चुनाव 2003, 2008, 2018, 2020 में दोनों पार्टियों से जीत चुके है। इसी तरह सागर से शैलेन्द्र जैन और प्रदीप लारिया नरयावली से लगातार चौथी बार प्रत्याशी बने है। 2008 से दोनों ही लगातार जीतते आ रहे है। चुनाव मैदान में अब बीना का भाजपा उम्मीदवार घोषित होना बाकी है। भाजपा अपनी हारी हुई बंडा से पूर्व सांसद स्व. शिवराज सिंह लोधी के बेटे वीरेन्द्र सिंह लोधी तथा देवरी से पूर्व विधायक ब्रजबिहारी पटैरिया को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

### सामाजिक धर्म के निर्वाह हेतु आपसी अनुराग जरूरी है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** वात्सल्य को प्रेम कहते हैं ऐसा प्रेम जो वासना से रहित होए परंतु राग से सहित हो, जब किसी व्यक्ति विशेष, परिवार, पड़ोसियों, गांव देश एवं अपने मित्र जनों से जो प्रेम होता है वह राग की श्रेणी में आता है, यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा सामाजिक धर्म के निर्वाह हेतु आपसी अनुराग जरूरी है। जिसके हृदय में अनुराग भाव होता है उसके लिए दुनिया की कोई भी वस्तु प्राप्त करना कठिन नहीं है। जब वही प्रेम या राग, ज्ञान, दर्शन और चारित्र से युक्त अपनी और पराई सभी आत्माओं के गुणी से होता है तो उसे आत्मानुराग कहते हैं, जब वही आत्मानुराग धर्म और धर्मात्माओं के प्रति होता है तो उसे धर्मानुराग कहते हैं। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि जिस कर्म की उदय से स्व और पर के उपकार में विघ्न उत्पन्न होता है वह अंतराल कर्म कहलाता है। अंतराय कर्म दानान्तराय, लाभांतराय भोगांतराय, उपभोगांतराय, वीर्यांतराय आदि पांच भेद है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**आचरण संहिता का पालन करने कलेक्टर, एसपी स्वयं उतरे सड़कों पर**



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के घोषित होने के बाद आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने, संपत्ति विरूपण हटवाने संबंधी कार्यवाही जिले में तेजी से शुरू कर दी गई हैं। आचार संहिता के मद्देनजर कस्बों, शहरों में संपत्ति विरूपण संबंधी कार्यवाही करते हुए बैनर पोस्टर, हटवाने के आदेश जारी किए गए है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा ने शहर, कस्बों में सड़क पर पैदल चलकर निरीक्षण करते हुए निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करवाने के निर्देश दिए है। साथ ही संपत्ति विरूपण हटवाने संबंधी कार्यवाही करवाई गई। हूटर, सायरन व लाल पीली बत्ती का अनाधिकृत उपयोग एवं विधि विरुद्ध वाहनों में अंकित पदनाम और अमानक नंबर प्लेट पर कार्रवाई की जा रही है। मप्र में विधानसभा चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शीपूर्ण चुनाव संपन्न हो सके, इस संबंध में चुनाव आयोग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए है। चुनाव आयोग के मंशानुसार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशों का तत्काल से ही पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। जो महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं, उनमें वाहनों में लाल पीली बत्ती का अनाधिकृत उपयोग करते पाए जाने पर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1989 के नियम 108 के अंतर्गत कार्यवाई की जाएगी। वाहनों में हूटर या सायरन का उपयोग करते पाये जाने पर मप्र मोटरयान नियम 1994 के नियम 185 के उपनियम 4 के अंतर्गत कार्यवाई की जाएगी। वाहनों के आगे पीछे केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1989 के अनुसार हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगा हुआ होना अनिवार्य है। वाहनों के नंबर प्लेट, कांच या अन्य स्थान पर पदनाम अथवा चुनाव चिन्ह अंकित करवाना नियम विरुद्ध है। वाहनों के कांच में ब्लैक फिल्म लगे पाये जाने पर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1989 के नियम 100(2) के अनुसार कार्यवाई की जाएगी। जिला पुलिस सागर अपील करता है कि शांतिपूर्ण चुनाव हो सके इस संबंध सभी से सहयोग और आचरण संहिता का शत प्रतिशत पालन करवाने के लिए कहा गया है।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले 32 वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले वाहनों के प्रति सख्त कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को चार पहिया वाहनों पर अमानक नंबर प्लेट, हूटर, शीशे पर काली फिल्म आदि जो आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए गए हैं। ऐसे 32 वाहनों पर कार्यवाही की गई है। सागर पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। सागर पुलिस द्वारा सभी से अपील की गई है कृपया वाहनों पर अमानक नंबर प्लेट न लगाये हुटर, सायरन विधि विरुद्ध वाहनों में अंकित पदनाम आदि का उपयोग बिल्कुल भी ना करें यातायात नियमों का पालन करें।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।